हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–74 : जौनपुर, गुरुवार 05 मई 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## प्रसपा का होगा पुनर्गठन : सपा पर हमला करने से अब परहेज नहीं करेंगे शिवपाल : होगा प्रदेश कार्यकारिणी का गठन

लखनऊ ब्यूरो : प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (प्रसपा) जल्द ही नए तेवर और कलेवर में नजर आएगी। पार्टी के पुनर्गठन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। वहीं अभी तक सपा के मामले में चुप रहने वाली प्रसपा अब उस पर हमला करने से पीछे नहीं हटेगी। प्रसपा लोगों को यह भी समझाएगी कि किस तरह से सपा अपने मूल रास्ते से भटक गई है। विधानसभा चुनाव के बाद प्रसपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी को छोड़ अन्य सभी कमेटियां भंग कर दी गई थी। पार्टी के कर्ताधर्ता शिवपाल सिंह यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की तो उनके भाजपा में जाने की अटकलें चलीं लेकिन अब इन अटकलों पर विराम लग गया है। वहीं उम्मीद है कि बृहस्पतिवार को नए प्रदेश अध्यक्ष के नाम पर कोर कमेटी विमर्श करेगी और दो से तीन दिन में अध्यक्ष के नाम पर मुहर लग जाएगी। मई में प्रदेश कमेटी व फ्रंटल संगठन तैयार हो जाएगा। इसके बाद जिलेवार अभियान चलेगा। जिला, तहसील और ब्लॉकवार प्रशिक्षण शिविर लगाए जाएंगे। इसमें समाजवाद की अवधारणा से कार्यकर्ताओं को वाकिफ कराया जाएगा और समझाया जाएगा कि डॉ. लोहिया के सपनों को लेकर किस तरह से प्रसपा आगे बढ़ेगी। पिछले सप्ताह आजम खां के बहाने शिवपाल सिंह ने सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव पर हमला बोलकर अपनी मंशा साफ कर दी है। शिवपाल ने कहा कि सपा को शून्य से शिखर तक पहुंचाया है। जिस पार्टी को लेकर कुछ लोग इतरा रहे हैं, उसमें शिवपाल और उनके साथियों का खून–पसीना लगा है। अब उसी तर्ज पर प्रसपा को भी शिखर पर पहुंचाकर दम लेंगे। भाजपा में जाने की चर्चाओं के सवाल पर उन्होंने कहा कि अभी उनका सिर्फ और सिर्फ एक ही मकसद है कि प्रसपा फिर से सक्रिय भूमिका में आ जाए। हमने उसे चलना सिखाया और वो हमें रौंदते चला गयाईद के मौके पर शिवपाल ने ट्वीट के जरिए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर हमला बोला था। उन्होंने लिखा था कि अपने सम्मान के न्यूनतम बिंदु पर जाकर मैंने उसे संतुष्ट करने का प्रयास किया। इसके बावजूद अगर नाराज हूं तो किस स्तर तक उसने हृदय को चोट दी होगी। हमने उसे चलना सिखाया और वो हमें रौंदता चला गया... । इस भावनात्मक टिप्पणी पर बुधवार को शिवपाल ने कहा कि हमने परिवार व समाज की भलाई के लिए अपनी पार्टी खत्म करने से भी गुरेज नहीं किया। चाहते थे कि अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बनें लेकिन अहंकार उन्हें ले डूबा। चुनाव में किसी भी मुद्दे पर राय तक नहीं ली गई। हर कदम पर सम्मान से समझौता किया पर अब मुश्किल हो रहा है। इसलिए पार्टी को फिर से खड़ा कर रहे हैं। उन्होंने दोहराया कि उनके जो भी साथी इधर–उधर हैं, वे जल्द ही उनके साथ खड़े नजर आएंगे। सभी से बातचीत हो रही है। विधानसभा चुनाव के बाद बढ़ी शिवपाल की नाराजगी विधानसभा चुनाव के दौरान प्रसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से शिवपाल सिंह ने इस्तीपा दे दिया था। वह पार्टी का सपा में विलय करना चाहते थे। वह खुद सपा के टिकट पर चुनाव लड़े लेकिन उनके साथियों को टिकट नहीं मिला। सपा से विधायक चुने जाने के बाद भी उन्हें विधायक दल की बैठक में नहीं बुलाया गया। यहीं से जुबानी जंग शुरू हुई। भाजपा में जाने की चर्चा शुरू हुई तो अखिलेश ने टिप्पणी की। इस पर शिवपाल ने दो टूक कह दिया कि सपा अध्यक्ष चाहें तो उन्हें विधायक दल से निकाल दें। प्रसपा की सक्रियता से सपा को लग सकता है झटका प्रदेश की राजनीति पर नजर रखने वालों का कहना है कि प्रसपा जितनी मजबूत होगी, सपा को उतना तगड़ा झटका लगेगा। खासतौर से आलू बेल्ट में शिवपाल की पकड़ मजबूत मानी जाती है। आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, एटा, कासगंज फर्रुखाबाद, कन्नौज व आसपास के जिलों में शिवपाल की धाक है। वर्ष 2017 में जब शिवपाल ने अखिलेश पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए पार्टी छोड़ी तो इस क्षेत्र में असर दिखा। वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन को 73 सीटें मिली तो सपा सिर्फ पांच पर सिमट गई। जानकारों का कहना है कि शिवपाल सिंह संगठन के माहिर खिलाड़ी है। सामाजिक परिवर्तन यात्रा के दौरान भी उन्होंने अपना असर दिखाया था। अब चुनाव बाद सपा की कार्यशैली पर सवाल उठाने वाले नेताओं को प्रसपा के बहाने एक विकल्प मिलेगा। प्रदेश की राजनीति में तीसरे मोर्चे को मिलेगी ताकत प्रसपा की सक्रियता बढ़ने से प्रदेश की राजनीति में तीसरे मोर्चे को भी ताकत मिलेगी। जेल से बाहर आने के बाद आजम खां नई पार्टी बनाते हैं या नई रणनीति अपनाते हैं, यह गौर करने वाली बात होगी। राजनीति विश्लेषकों का यह भी मानना है कि आजम खां के बहाने सपा पर निशाना साधने वाले ज्यादातर लोग शिवपाल की छतरी के नीचे गोलबंद हो सकते हैं।

## थाना खेतासराय पुलिस द्वारा गैंगेस्टर एक्ट में वांछित 04 अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के कुशल निर्देशन मे अपराध एवं अपराधियों तथा वाँछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर डा0 संजय कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी शाहगंज श्री अंकित कुमार के पर्यवेक्षण एवं दिशा निर्देशन में थाना खेता सराय जौनपुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 49/2022 धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट मे वांछित अभियुक्त गण 1. मो0 आजम पुत्र स्व0 मो0 शोएब निवासी रानीमऊ थाना खेतासराय जौनपुर उम्र 38 वर्ष 2. मो0 सफीक पुत्र मो0 युनुस निवासी मजडीहा थाना शाहगंज जनपद जौनपुर उम्र 49 वर्ष 3. मो0 कैफ पुत्र मो0 सफीक निवासी ग्राम मजडीहा थाना शाहगंज जनपद जौनपुर उम्र 22 वर्ष 4. मो0 मेराज पुत्र मो0 रफीक अहमद निवासी मजडीहा थाना शाहगंज जनपद जौनपुर को आज दिनांक 05.05.2022 को आजाद नहर पुलिया से गिरफ्तार कर चालान सम्बंधित माननीय न्यायालय किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता– 1– मो0 आजम पुत्र स्व0 मो0 शोएब निवासी रानीमऊ थाना खेतासराय जौनपुर। 2– मो0 सफीक पुत्र मो0 युनुस निवासी मजडीहा थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 3– मो0 कैफ पुत्र मो0 सफीक निवासी ग्राम मजडीहा थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 4– मो0 मेराज पुत्र मो0 रफीक अहमद निवासी मजडीहा थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। आपराधिक इतिहास– 1–मो0 आजम पुत्र स्व0 मो0 शोएब निवासी रानीमऊ थाना खेतासराय जौनपुर। 1.मु0अ0सं0 142/2021 धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधि0 थाना खेतासराय जौनपुर। 2.मु0अ0सं0–0108/20 धारा 8/20 NDPS ACT थाना खेतासराय जौनपुर।3. मु0अ0सं0–460/18 धारा 379,411 भादवि थाना घनघटा संतकबीरनगर। 4.मु0अ0सं0– 462/18 धारा 379,411 भादवि थाना घनघटा संतकबीरनगर। 5.मु0अ0सं0– 618/18 धारा 3(1) यू0पी0 गैंगेस्टर एक्ट थाना घनघटा संतकबीरनगर। 6. मु0अ0सं0– 232/18 धारा 379/511 भादवि थाना बदलापुर जौनपुर। 7. मु0अ0सं0– 04/18 धारा 3/5/8 गो0नि0अधि0 व 11 पशु क्रुरता अधि थाना खेतासराय जौनपुर। 8. मु0अ0सं0–531/17 धारा 147,148,149,307,323,352,506 भादवि व 31(1) CLA ACTथाना खेतासराय जौनपुर। 9.मु0अ0सं0–23/2018 धारा 379 भादवि थाना खेतासराय जौनपुर। 10. मु0अ0सं0–49/2022 धारा 3(1) यू0पी0 गैंगेस्टर एक्ट थाना खेतासराय जौनपुर। 2– मो0 सफीक पुत्र मो0 युनुस निवासी मजडीहा थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 1.मु0अ0सं0 142/2021धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधि0 थाना खेतासराय जौनपुर। 2.मु0अ0सं0 161/2021 धारा 11 पशु कूरता अधि0 थाना शाहगंज जौनपुर। 3. मु0अ0सं0– 49/2022 धारा 3(1) यू0पी0 गैंगेस्टर एक्ट थाना खेतासराय जौनपुर। 3– मो0 कैफ पुत्र मो0 सफीक निवासी ग्राम मजडीहा थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 1. मु0अ0सं0 142/2021 धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधि0 थाना खेतासराय जौनपुर। 2. मु0अ0सं0–49/2022 धारा 3(1) यू0पी0 गैंगेस्टर एक्ट थाना खेतासराय जौनपुर। 4– मो0 मेराज पुत्र मो0 रफीक अहमद निवासी मजडीहा थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 1.मु0अ0सं0 142/2021 धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधि0 थाना खेतासराय जौनपुर। 2.मु0अ0सं0–49/2022 धारा 3(1) यू0पी0 गैंगेस्टर एक्ट थाना खेतासराय जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– 1 श्रीप्रकाश राय थानाध्यक्ष खेतासराय जनपद जौनपुर 2 कां0 छठ्ठू यादव ,का0 दिनेश सरोज ,कां0 अमरनाथ यादव, कां0 संदीप कुमार , का0 दिनेश यादव , का0 अंकित यादव थाना खेतासराय जौनपुर।

## मिनिस्टीरियल एसोसिएशन इरिगेशन डिपार्टमेंट उत्तर प्रदेश के प्रान्तीय कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज मिनिस्टीरियल एसोसिएशन इरिगेशन डिपार्टमेंट उत्तर प्रदेश के प्रान्तीय कार्यकारिणी की बैठक चौधरी चरण सिंह सभागार सिंचाई विभाग लखनऊ में संपन्न हुई जिसमें प्रदेश के सभी जनपदों से संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा भाग लिया गया । उक्त बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं तथा उसके निराकरण पर चर्चा की गई तथा संघ द्वारा यह निर्णय लिया गया कि कर्मचाकरयों के हितों के विरुद्ध संगठन हमेंशा उनके हितों की रक्षा के लिए प्रयास करेगा। उक्त बैठक में स्थानांतरण को लेकर भी चर्चा हुई। प्रदेश के कर्मचारियों द्वारा संघ से ये अनुरोध किया गया कि जनपद के बाहर समूह 'ग' के कर्मचारियों का स्थानांतरण न हो इसके लिए माननीय मुख्यमंत्री जी से पुनः अनुरोध किया जाय और जनपद में ही तीन वर्ष से अधिक एक ही पटल पर कार्यरत कर्मचारियों का पटल परिवर्तन कराया जाय और संगठन के पदाधिकारियों द्वारा प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष द्वारा अभी तक तमाम कर्मचारियों की पदस्थापना नहीं किये जानें पर रोष व्यक्त किया गया और




यह मांग किया गया कि प्रोन्नति प्राप्त कर्मचारियों की पदस्थापना तत्काल कराई जाय। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य संरक्षक एवं सलाहकार अजय सिंह द्वारा किया गया। उक्त बैठक को प्रदेश अध्यक्ष कृतार्थ सिंह, अजय कुमार यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष संरक्षक जगदीश सिंह पाल एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा संबोधित किया गया।

## राज्य सूचना आयुक्त अजय कुमार उप्रेती द्वारा जौनपुर जिले के जन सूचनाधिकारियों व प्रथम अपीलीय अधिकारियों के साथ बैठक कर की गयी समीक्षा

जौनपुर सू.वि. : राज्य सूचना आयुक्त ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के विभिन्न जनसूचनाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिसमे उन्होंने अधिकारियों को त्वरित गति से सूचनाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए तथा जनवरी से अब तक 79 जनसूचनाधिकारियों पर लगे अर्थदण्ड की समीक्षा भी की साथ ही उन्होंने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश को निर्देशित किया 4(1)(इ) जनसूचनाधिकारियों के कार्यालयों में इसका अनुपालन कराया जाना शीघ्र अति शीघ्र सुनिश्चित करें। आयुक्त महोदय ने संबंधित अधिकारियों को ये भी निर्देशित किया कि आरटीआई से संबंधित सभी सूचना आवेदक को प्रमाणित करने के पश्चात ही उपलब्ध कराएं, पत्र अंतरण करने में विलंब न करें। अपने प्रतिनिधियों को सही प्राधिकार पत्र के साथ आयोग के समक्ष भेजे। यदि किसी जनसूचना अधिकारी को अधिनियम की धारा 9(2) के तहत व्यक्तिगत उपस्थिति होने का आदेश दिया जाता है तो वह आयोग के समक्ष अपनी उपस्थिति दर्ज करें अन्यथा उनके विरुद्ध अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत कड़ी कार्यवाही की जाएगी। प्रथम अपीलीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि वो अपने दायित्वों का पूर्ण रूप से निर्वहन करें अन्यथा की स्थिति में उनके उनके विरुद्ध युक्तियुक्त



कार्यवाही की संस्तुति की जा जाएगी। राज्य सूचना आयुक्त ने यह भी निर्देशित किया कि जनसूचनाधिकारी स्वयं उपस्थित हो या अपने सक्षम वरिष्ठ अधिकारी को भेजे। इसका अनुपालन न करने की स्थिति में कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक शहर शैलेंद्र सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अनिल अग्निहोत्री, उपायुक्त मरेगा भूपेंद्र सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आर डी यादव, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## तहसील–सदर के अन्तर्गत गैंस एजेंसियो का नायब तहसीलदार, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, बाट–माप निरीक्षक व पूर्ति निरीक्षकों द्वारा की गई जांच

जौनपुर सूवि. : ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर हिमांशु नागपाल ने सर्वसाधारण को अवगत कराया है कि जनपद–जौनपुर में तहसील–सदर के अन्तर्गत गैंस एजेंसियो द्वारा एल0पी0जी0 गैस सिलेण्डरों में की जा रही घटतौली आदि के संबंध में उपभोक्ताओं के स्तर से प्राप्त हो रही शिकायतों के क्रम में गैंस एजेंसियो की जांच हेतु नायब तहसीलदार, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, बाट–माप निरीक्षक व पूर्ति निरीक्षकों की टीम गठित करके गैंस एजेंसियों की जांच करायी गयी। उक्त टीम द्वारा 04 फरवरी 2022 को मे0 जौनपुर गैंस सर्विस लाइन बाजार जौनपुर, हरि सुभद्रा इण्डेन गैंस सर्विस उमरपुर जौनपुर एवं प्राइम इण्डेन गैंस एजेन्सी वाजिदपुर तिराहा जौनपुर के गोदाम का निरीक्षणध्जांच की गयी और अपनी जांच आख्या प्रस्तुत की गयी। जांच के पायी गयी अनियमितताओं के क्रम में उक्त गैंस एजेंसियो को आरोप–पत्र जारी कर उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया। तत्क्रम में उक्त गैंस एजेंसियों द्वारा अपना स्पष्टीकरण 11 फरवरी 2022 को प्रस्तुत किया गया। गैंस एजेंसियो पर लगाये गये आरोप एवं आरोपों के संबंध एजेंसियो द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण का परीक्षण उक्त गठित टीम से कराया गया। उक्त टीम द्वारा जांच करके अपनी आख्या 22 अप्रैल 2022 प्रस्तुत की गयी है। उक्त जांच में यह पाया गया कि गैस एजेंसियो द्वारा गोदाम पर निरीक्षण के समय स्टॉक बोर्ड अद्यावधिक भरा नहीं पाया गया, सूचना–पट्ट प्रदर्शित नहीं पाया गया। अग्निशमन यंत्र प्रमाणित व अद्यावधिक नहीं पाया गया, मैनुअल व डिजिटल वेययिंग मशीन क्रियाशील नहीं पाई गई, सिलेण्डरों के तौल में घटतौली पाई गई, 10 प्रतिशत सिलेण्डरों को तौल कर गैंस एजेंसियो द्वारा नहीं रखा जा रहा है। कार्यरत हॉकरों की आई0ओ0सी0एल0 से प्रमाणित सूची उपलब्ध नहीं कराई गई व अन्य वांछित अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए। उज्जवला गैस कनेक्शनधारियों की सूची उपलब्ध नहीं कराई गई। उक्त गैंस एजेंसियो के स्टाक का सत्यापन कराया गया। स्टाक सत्यापन में गैंस एजेंसियो पर 14.02 किग्रा0 घरेलू गैंस सिलेण्डरों व 19.00 किग्रा कार्मिशल सिलेण्डर का स्टाक कमध्अधिक पाया गया। गैंस एजेंसियो द्वारा 05.00 कि0ग्रा0 के सिलेण्डरों को स्टॉक रजिस्टर में दर्ज नहीं किया गया है और अनाधिकृत रूप से गोदाम में भण्डारित कर 05.00 कि0ग्रा0 के सिलेण्डर दुरूपयोग के नियत से भण्डारित किया जाना पाया गया है। गैंस एजेंसियो पर जो सिलेण्डर कम/अधिक पाये गये उसके संबंध में गैंस एजेंसियो द्वारा कोई संतोष जनक उत्तर नहीं दिया गया है, बल्कि गोल–मोल उत्तर दिया गया है। इसी प्रकार अन्य बिन्दुओं पर जो स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया गया है। वह संतोषजनक नहीं पाया गया है। गैंस एजेंसियो पर लगाये गये अधिकाशः आरोप प्रमाणित पाये गये। तत्क्रम में उक्त गैंस एजेंसियो के विरूद्ध कार्यवाही हेतु विक्रय प्रबंधक, आई0ओ0सी0एल0 एलपीजी वाराणसी डिविजनल ऑफिस एन0एच0–31, बाबतपुर रोड,पोस्ट–हरहुआ, जनपद–वाराणसी व नीरज कुमार, एरिया विक्रय प्रबंधक (एल0पी0जी0), आई0ओ0सी0एल0, जनपद–जौनपुर को पत्र प्रेषित किया गया है। ऑयल कम्पनी द्वारा एल0पी0जी0 गाइड लाइन के अनुसार उक्त गैंस एजेंसियों के विरूद्ध नियमानुसार कठोर विभागीय कार्यवाही की जा रही है।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## बेसिक शिक्षा में जल्द जारी होगी स्थानांतरण नीतिः सुशील पांडेय

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय सचिव व उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष सुशील पांडेय ने जनपदीय संगठन मंत्री संतोष सिंह बघेल के जगदीशपुर जौनपुर स्थित आवास पर पहुंचकर उनके स्वर्गीय पिता बिरजू सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिवार के लोगों को ढांढस बंधाया। इससे पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष सुशील पांडेय के



जनपद प्रवेश पर जिला मंत्री सतीश पाठक व जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह ''टोनी'' के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। जनपदीय व ब्लाक पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए प्रांतीय अध्यक्ष ने बताया कि बहुप्रतीक्षित कैशलेस चिकित्सा सुविधा के पश्चात जल्द ही परिषदीय शिक्षकों को स्थानांतरण से सम्बंधित दूसरी बड़ी खुसखबरी मिलने वाली है। संगठन की सरकार व विभाग से निरंतर वार्ता जारी है जो बेहद ही सकारात्मक दिशा में है और जल्द है सरकार द्वारा परिषदीय शिक्षकों के जनपद के अंदर वो अंतर्जनपदीय स्थानांतरण को लेकर शासनादेश जारी किए जाएंगे। प्रयास चल रहा है कि इस बार एक एक दीर्घकालिक स्थानांतरण नीति जारी की जाए जिससे प्रत्येक वर्ष इसके लिए नई–नई गाइडलाइंस का इंतजार न करना पड़े। प्रांतीय अध्यक्ष ने जनपद की टीम की तारीफ करते हुए कहा कि जनपद जौनपुर का महत्वपूर्ण सहयोग संघ के प्रत्येक आह्वान व संघर्ष में रहता है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष एंव करंजाकला के अध्यक्ष अतुल प्रताप सिंह, संगठन मंत्री डॉ0 अनुज सिंह, ब्लाक अध्यक्ष बक्सा सरोज सिंह, ब्लाक अध्यक्ष मड़ियाहूं विशाल सिंह, मंत्री प्रदीप सूर्या, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, शशांक मिश्रा, शाहगंज ब्लाक अध्यक्ष सजल सिंह, मनोज सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद सिंह आदि उपस्थित रहे।

## आंधी तुफान में नीम पेड गिरने से बृद्ध की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : रात आई धूल भरी आंधी तूफान और बारिस ने बृद्ध की जान ले ली सुबह मौके पर पहुची 112नं की पुलिस परिजन से पूछताछ मे जुटी है प्राप्त जानकारी अनुसार घटना सुबह करीब साढे तीन बजे की है महराजगंज क्षेत्र के कोबी गॉव निवासी बृद्ध रामदवर 70बर्ष जो रिटायर्ड रेलवे मे करमचारी रहे अपने घर के बाहर गहरी नीद मे सो रहे थे कि अचानक धूल भरी आंधी तूफान व वारिस होने लगी उसी समय तेज हवा के झोके से नीम का पेड़ धराशायी हो गया जिसमे नीचे चारपायी पर सो रहे रामदवर की पेड़ की टहनियो से दबकर मौत हो गयी परिजनो की चीख पुकार से जुटे ग्रामीणो गिरे पेड की टहनियो को काटकर टूटी चारपाई से बृद्ध मृत रामदवर को बाहर निकाला गया ! मृतक के पुत्र मंगेश कुमार चौहान का कहना है कि परिजन घर मे सो रहे थे आंधी तुफान से अचानक नीम का पेड़ गिर गया जिसमे दबकर पिता की मौत हो गयी।

## थाना रामपुर पुलिस ने 01 वारण्टी को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के अपराध एवं अपराधियों पर नियन्त्रण सम्बन्धी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण तथा क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ के निर्देशन तथा पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष रामपुर ओम नारायण सिंह के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 05.05.2022 को मु0अ0सं0–387/20 धारा 128 भादवि में एक नफर छठॅ वारंटी अभियुक्त 1. गनेश पुत्र लल्लन निवासी कोलाहलपुर थाना रामपुर जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार वारंटी का नाम व पता– 1. गनेश पुत्र लल्लन निवासी कोलाहलपुर थाना रामपुर जनपद जौनपुर । गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– 1.थानाध्यक्ष श्री ओमनारायण सिंह थाना रामपुर जौनपुर । 2.उ0नि0 श्री राजेश कुमार सिंह थाना रामपुर जौनपुर । 3.का0 आकाश चौहान, का0 राहुल गुप्ता थाना रामपुर जनपद जौनपुर।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
योगी न बन सकें तो उपयोगी अवश्य बनें।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# सम्पादकीय

## महामारी के तीन साल : जनस्वास्थ्य का दायरा बढ़ाने की जरूरत

सार्वजनिक आपात स्थितियों से निपटने के दौरान, सरकार को लोगों के स्वास्थ्य के अन्य पहलुओं पर भी ध्यान देना चाहिए, और यह तभी किया जा सकता है, जब सामान्य दिनों में, स्वास्थ्य प्रणाली पूरी तरह से दक्षता और निष्पक्षता के साथ काम करती है। इसका अर्थ यह हुआ, जैसा कि उन्होंने रेखांकित किया, कि सार्वजनिक आपात स्थितियों में भी गर्भवती महिलाओं को बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं मिलनी चाहिए और उन तक उनकी पहुंच होनी चाहिए।

कोरोना वायरस से फैली महामारी के तीसरे वर्ष में प्रवेश करने के बाद से हममें से अनेक लोग पहले से बेहतर ढंग से सांस ले पा रहे हैं। वायरस से मौत की आशंकाएं कम हुई हैं। जिन लोगों का पूर्ण टीकाकरण हो चुका है और जो लोग लगातार मास्क पहनते हैं तथा पूरी सतर्कता बरतते हों, तो उनके कोविड–19 के खतरनाक वैरिएंट के संपर्क में आने और अस्पताल में भरती होने की आशंकाएं कम हैं। ऐसे लोगों के संक्रमित होने से इनकार नहीं किया जा सकता, लेकिन उनके गंभीर रूप से बीमार होने की आशंकाएं कम हैं।

निस्संदेह यह अच्छी खबर है। फिर भी, हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हमारा सामूहिक ध्यान जहां कोविड–19 पर केंद्रित है, वहीं महामारी के अनेक अप्रत्यक्ष प्रभाव भी हुए हैं। इन पर हमें ध्यान देने की आवश्यकता है। इसका सबसे गंभीर प्रभाव हमारी स्वास्थ्य व्यवस्था से जुड़ी नियमित सेवाओं में आई बाधाओं से जुड़ा है। आखिर महिलाओं और बच्चों के लिए इसका क्या मतलब है? हम इस बारे में अब तक अच्छी तरह से नहीं जानते। सरकार के आधिकारिक डाटा रुझान को दिखाते तो हैं, मगर वास्तव में ये रियल टाइम डाटा नहीं हैं, जिनसे मौजूदा हालात के बारे में पता चले।

मसलन, मार्च की शुरुआत में रजिस्ट्रार जनरल ने आंकड़े जारी किए थे, जो मातृत्व मृत्यु दर (एमएमआर) में गिरावट दिखा रहे थे। इसके मुताबिक राष्ट्रीय स्तर पर 2016–18 के 113 से गिरकर एमएमआर 2017–19 में 103 (8.8 फीसदी) हो गई थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक मातृत्व मृत्यु उसे कहते हैं, जब किसी महिला की गर्भावस्था या प्रसव के 42 दिनों के भीतर गर्भावस्था से जुड़े किसी कारण से मौत हो जाए। इसमें दुर्घटना या अन्य कारणों से होने वाली मौत को शामिल नहीं किया जाता।

प्रति एक लाख जीवित बच्चों के जन्म पर होने वाली माताओं की मृत्यु को मातृत्व मृत्यु दर (एमएमआर) कहते हैं। नवीनतम आंकड़ा प्रगति दिखाता है, लेकिन यह महामारी और लॉकडाउन से पहले का है, जिसके कारण व्यवधान उत्पन्न हुआ। इसमें संदेह नहीं कि महामारी ने हाल के कुछ वर्षों में हासिल की गई उपलब्धियों पर प्रभाव डाला है, भले ही हम यह न जान पाएं कि इसका आने वाले वर्षों पर आबादी के समग्र कल्याण पर कैसा प्रभाव पड़ेगा। इस संदर्भ में इस विषय पर हाल के कुछ शोध और विशेष रूप से उनके निष्कर्षों पर गौर करना समीचीन होगा।

इनमें से सबसे ताजा शोध तो पिछले महीने ही जारी हुआ है। 'एविडेंस बेस्ड रिस्पांस टू अर्ली चाइल्डहुड (ईसीडी) ड्यूरिंग द कोविड–19 क्राइसिस' (कोविड–19 संकट के दौरान शुरुआती बचपन के विकास (ईसीडी) पर साक्ष्य आधारित प्रतिक्रिया) शीर्षक से जारी किए गए इस शोध में 2020 में भारत में कोविड–19 लॉकडाउन के दौरान छोटे बच्चों, उनकी देखभाल करने वालों और अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं पर प्रभाव की पड़ताल की गई है, जब प्रारंभिक वर्षों से जुड़ी अनेक सेवाएं बाधित हो गई थीं।

यह अध्ययन दिसंबर, 2020 से फरवरी, 2021 के बीच पूरे भारत के 11 राज्यों में 10,112 प्राथमिक और द्वितीयक देखभाल करने वालों और 2,196 अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं के बीच किया गया था। यह अध्ययन नीति आयोग के सहयोग से डलबर्ग एडवाइजर्स और कांतार पब्लिक ने किया था, जिसे बर्नार्ड वैन लीयर फाउंडेशन, पोर्टिकस, एचिडना गिविंग और डलबर्ग ने सहयोग किया। शोधकर्ताओं ने लिखा, 'हमने जब शोध किया था, तब स्वास्थ्य तक पहुंच आम तौर पर महामारी से पहले के स्तर तक बहाल हो गई थी।

पोषण संबंधी मदद में कुछ कमी रह गई थी। हमारे सर्वे ने पाया कि 94 फीसदी परिवारों को बच्चे के लिए चिकित्सा संबंधी मदद आवश्यक होने पर मिल गई, एक वर्ष तक की उम्र के 96 फीसदी बच्चों का जन्म स्वास्थ्य केंद्रों में हुआ। एक गर्भवती महिला की प्रसव पूर्व देखभाल का औसत समय ऐतिहासिक औसत के अनुरूप था। ये आंकड़े महामारी से पहले के स्तर के समकक्ष हैं। हालांकि आंगनबाड़ी आधारित पोषण सेवाओं में बाधाएं जारी थीं।'

इंटरनेशनल जर्नल ऑन एप्लाइड सोशियोलॉजी में प्रकाशित मैटरनल हेल्थ इन इंडिया ड्यूरिंग कोविड–19 : मेजर इश्यूज शीर्षक से प्रकाशित एक अन्य शोध ने कुछ महत्वपूर्ण निष्कर्ष पेश किए हैं। यह अध्ययन अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के तहजीब अनीस और मोहम्मद अकरम ने किया था। उनका निष्कर्ष है, 'यातायात सुविधाओं के निलंबित रहने, प्रतिबंधित आवाजाही, सीमित स्वास्थ्य सुविधाओं और दवाओं की सीमित उपलब्धता ने गर्भवती महिलाओं की प्रसव सुरक्षा, संस्थागत प्रसव और प्रसव बाद की सुरक्षा तक पहुंच को बाधित किया।'

आंकड़ों से परे, लेखक स्वास्थ्य तैयारियों के बारे में एक बड़ी बात करते हैं, जो मुझे लगता है कि इस समय का प्रमुख संदेश है। वह आगाह करते हैं, 'सार्वजनिक आपात स्थितियों से निपटने के दौरान, सरकार को लोगों के स्वास्थ्य के अन्य पहलुओं पर भी ध्यान देना चाहिए, और यह तभी किया जा सकता है, जब सामान्य दिनों में, स्वास्थ्य प्रणाली पूरी तरह से दक्षता और निष्पक्षता के साथ काम करती है।' इसका अर्थ यह हुआ, जैसा कि उन्होंने रेखांकित किया, कि सार्वजनिक आपात स्थितियों में भी गर्भवती महिलाओं को बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं मिलनी चाहिए और उन तक उनकी पहुंच होनी चाहिए।

जो हो चुका उसे बदला नहीं जा सकता। हालांकि यह जरूरी है कि सरकार प्राथमिकता के साथ ऐसी सारी महिलाओं की पहचान करे, जिन्हें लॉकडाउन और उसके बाद की अवधि के दौरान महत्वपूर्ण चिकित्सा देखभाल प्राप्त नहीं हो सकी थी, और अब उन्हें इसका कोई हर्जाना दे, जिससे परिस्थितियों को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। छोटे बच्चों को भी निश्चय ही आने वाले समय में अतिरिक्त देखभाल की जरूरत होगी। आखिर इसका संबंध भारत के भविष्य से है और इसे राजनीतिक एजेंडे में शीर्ष पर होना चाहिए।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## ओम कुमार, अधिवक्ता, उच्च न्यायालय खण्डपीठ लखनऊ को राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री के पद पर किया गया मनोनीत

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता परिषद भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव सेवक गुप्ता "जय शिव एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नन्द किशोर गुप्ता द्वारा अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता परिषद के ऊर्जावान एवं कर्मठ और अधिवक्ताओं के प्रति सदैव चिन्तन शील मंडल अध्यक्ष ओम कुमार, अधिवक्ता, उच्च न्यायालय खण्डपीठ लखनऊ को राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री के पद पर मनोनीत किया गया। अधिवक्ता ओम कुमार स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री राज नारायण के पौत्र है। अधिवक्ता ओम कुमार ने रिट याचिका संख्या–32772/18 में सी/ एम जयनन्द स्पेशल टीचर्स ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट बनाम डा० शुकुन्तला मिश्रा विश्वविद्यालय, लखनऊ, में



दिव्यांग बच्चों को शिक्षा का अधिकार दिलाया और जय नन्द टीचर्स ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट की।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह प्रकाश कोल्ड स्टोरेज में परशुराम सेवा समिति द्वारा किया गया। धर्माचार्य मनोज अवस्थी ,मुख्य अतिथि पंडित देव प्रकाश शुक्ला राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय युवा वाहिनी ने अपने उद्बोधन में सभी को परशुराम जन्मोत्सव की सभी उपस्थित विप्र बंधुओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमारी गुरुकुल परंपरा को बुलाकर सनातन हिंदू अपनी संस्कृति को भूलता जा रहा है। उन्होंने इटावा की जमीन पर आह्वान किया कि आप हमें जमीन दें राष्ट्रीय युवा वाहिनी परिवार इटावा में गुरुकुल की स्थापना करेगी।वैदिक शिक्षा और संस्कृत को शिखा कर नई पीढ़ी को वैदिक राष्ट्र बनाने में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करेगी गौ माता के विषय में उन्होंने बताया कि सारे संसार में गौमाता से बड़ी कोई शक्ति नहीं है। सारी शक्तियां हमारी गौ माता में समाहित है। हम गौ माता को संरक्षित करें एवं उनकी सेवा करें जिससे हमारे सारे कष्ट दूर हो जाएंगे और हम निरंतर भारत राष्ट्र को प्रगति के पथ पर ले जाएंगे। सभा में डॉ राजीव



लोचन शुक्ला राष्ट्रीय महासचिव ने परशुराम जन्मोत्सव की सभी उपस्थित लोगों को बधाई दी। शिवाकांत दुबे जिलाध्यक्ष ने माल्यार्पण, अंग वस्त्र, पगड़ी पहनाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित देव प्रकाश शुक्ला एवं राष्ट्रीय महासचिव राजीव लोचन शुक्ला का स्वागत किया।

## प्रबंधन के लिए धैर्य और दृष्टि दोनों जरूरीः रामाशीष

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के वैदिक प्रबंधन अध्ययन केंद्र के उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन समारोह बृहस्पतिवार को आर्यभट्ट सभागार में किया गया। यह समारोह मानव संसाधन विकास विभाग और प्रबंध अध्ययन संकाय की ओर से किया जा रहा है। इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि एवं क्षेत्रीय संगठन मंत्री प्रज्ञा प्रवाह श्रीरामाशीष ने कहा कि भारत को जानना है तो उसकी परंपरा को जानना होगा। उन्होंने कहा कि पश्चिम की दृष्टि प्रबंधन में धन कमाना सिखाती है, लेकिन भारतीय दृष्टि कारपोरेट के साथ नहीं जिंदगी के साथ शुरू होती है। उनका मानना है कि मैनेजमेंट के लिए धैर्य और दृष्टि दोनों जरूरी है। यर्जुवेद में भी इसका विस्तार से वर्णन किया गया है। उन्होंने महर्षि नारद युधिष्ठिर संवाद को मैनेजमेंट के परिप्रेक्ष्य में समझाया। बतौर अध्यक्ष विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि जीवन का प्रबंधन अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष से ही है। ये चारों वेदों से प्रभावित हैं। वेदों का सार उपनिषद में है। पांचवां वेद गीता है। उन्होंने कहा कि जीवन का सार और रास्ता इन्हीं धार्मिक पुस्तकों से ही होकर गुजरता है, ऐसे में उन ग्रंथों का ज्ञान जरूरी है। विशिष्ट अतिथि श्री सोमनाथ संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर गोप बंधु मिश्र ने कहा कि मनुष्य का प्रमुख धर्म परोपकार का है। सभी का लक्ष्य विश्व को एक सूत्र में पिरोना है, यह धर्म के बिना संभव नहीं है। प्रबंधन में विवेक की जरूरत होती है। उन्होंने हनुमानजी के प्रबंधन को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि विद्या से धन की नहीं विनय की कल्पना



की जानी चाहिए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि दून विश्वविद्यालय के प्रोफेसर हरीश चंद्र पुरोहित ने कहां की वैदिक मैनेजमेंट का मूल मंत्र वसुधैव कुटुंबकम है। राष्ट्र सर्वोपरि है इसी को ध्यान में रखकर हर क्षेत्र में काम करने की जरूरत है। स्वागत भाषण प्रो. मानस पांडेय ने और समारोह का परिचय और विषय प्रवर्तन प्रो. अविनाश पाथर्डीकर किया। संचालन शोध छात्र अभिनव श्रीवास्तव और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. अजय द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर वित्त अधिकारी संजय राय, प्रो. बीबी तिवारी, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. रामनारायण, प्रो. बीडी शर्मा, प्रो. देवराज सिंह, डॉ. मनोज मिश्र, प्रज्ञा प्रवाह के संतोष त्रिपाठी, संतोष सिंह, डॉ. मनीष कुमार गुप्त, डॉ राकेश यादव, डॉ. नुपुर तिवारी, डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. रसिकेश, डॉ मनीष प्रताप सिंह, डॉ. सुशील कुमार, डॉ. मुराद अली, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. मनोज कुमार पांडेय, डॉ. अमित वत्स, डॉ. परमेंद्र विक्रम सिंह, डॉ. नृपेन्द्र सिंह, डॉ. सुशील कुमार घसिंह, डॉ राजीव कुमार, डॉक्टर आलोक दास, इन्द्रेश कुमार आदि ने भाग लिया।

## युवा शक्ति विश्व की सबसे बड़ी शक्ति है युवा अपने परिश्रम के बल पर माइक्रो डोनेशन कर इतिहास रचेगा : सुधाकर उपाध्याय

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भाजपा युवा मोर्चा द्वारा जिला कार्यसमिति की बैठक भाजपा कार्यालय पर संपन्न हुआ बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा दिव्यांशु सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे माइक्रो डोनेशन कार्यक्रम में तेजी लाने के लिए सभी लोगों को कहे। बैठक में मुख्य रूप से युवा मोर्चा के नए प्रभारी सुधाकर उपाध्याय उपस्थित थे सुधाकर उपाध्याय ने जिला पदाधिकारीओ को संबोधित करते हुये कहा कि युवा शक्ति विश्व की सबसे बड़ी शक्ति है तथा युवाओ को अपने परिश्रम के बल पर एक नई मुकाम हासिल करना चाहिए तथा हर युवा को राष्ट्र के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिये। हमे आशा ही नही पूर्ण विश्वास है कि माइक्रो डोनेशन करने में जौनपुर के कार्यकर्ता आगे रहेंगे। मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिला महामंत्री सुनील तिवारी उपस्थित थे सुनील तिवारी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहे कि भारतीय जनता पार्टी का हर एक कार्यकर्ता ऊर्जावान है और हर एक



कार्यकर्ता को सदैव संगठन द्वारा दिये गए मार्ग पर चलना है बैठक में मुख्य रूप से जिला महामंत्री ऋषिकेश श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष अजय यादव, कोषाध्यक्ष श्रवण सिंह, जिला मंत्री दैविक कौशिक, विजय कश्यप, मीडिया प्रभारी कपिल सिंह, दीपांशु उपाध्याय, कार्यालय प्रभारी सुलभ श्रीवास्तव, कार्य समिति सदस्य विकास सिंह, नगर अध्यक्ष आयुष अस्थाना, शिवम राय आदि लोग उपस्थित थे।

## साफ–सफाई व्यवस्था में लापरवाही करने वालो पर होगी कार्यवाही : नसरीन बानो

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : नगर पालिका परिषद,शाहाबाद के बोर्ड की बैठक नसरीन बानो की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें विकास कार्यों से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा की गई।कई प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए।बैठक को संबोधित करते हुऐ पालिकाध्यक्ष नसरीन बानो ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप समस्त वार्डो में समुचित विकास करवाया जा रहा है।पालिका से जुड़ी हर सुविधाओ को नागरिकों तक पहुँचाकर अपना बेहतर कार्य करके पालिका अपने दायित्व को पूर्ण कर रही है।वही पालिका अध्यक्ष ने साफ लहजे में कहा कि साफ सफाई व्यवस्था में लापरवाही करने वाले किसी भी कर्मी को बख्सा नहीं जायेगा।अगर किसी भी बार्ड में सफाई का कार्य समुचित न पाया गया तो कार्रवाही की जाएगी।पालिका के सभी कर्मचारी अपने कर्तव्यों और डयूटी की जिम्मेदारी पूर्ण ढंग से निभाये।बैठक में सभासदों द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए विभिन्न मोहल्लों में पानी की व्यवस्था के लिये नलों के खराब होने की समस्या उठाई गई जिस पर अध्यक्ष ने ईओ को जल्द से जल्द नलों को सही करवाने के निर्देश दिए साथ ही बरसात से पहले नगर के समस्त नाला और पानी के निकास वाले स्थानों को साफ और व्यवस्थित करने को निर्देशित किया।ईओ संजय कुमार द्वारा बित्तीय बर्ष 2022–23 का मूल बजट पढ़कर सुनाया गया जिसे सर्वसम्मति से पास किया गया जिसमे अनुमानित आय 34करोड़



85लाख 30हजार और व्यय 34करोड़ 70 लाख 70 हजार के व्यय का बजट पास किया गया।इस प्रकार 14 लाख 60 हजार का लाभ का मूल बजट को सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गई।वही वित्तीय वर्ष 2021–22 के पुनरीक्षित बजट को भी पास किया गया।अधिशाषी अधिकारी ने बैठक में मौजूद लोगो का आभार व्यक्त कर बोर्ड बैठक के समापन की घोषणा की।इस मौके पर पालिका सभासद अध्यक्ष प्रतिनिधि लक्ष्मी कांत त्रिपाठी,अखिलेश त्रिपाठी,इमरान,अफसर अली,अजहर मसूद खां,आशीष अवस्थी,यदुवीर सिंह,पवन रस्तोगी, महेन्द्र,तारिक खां, किरन देवी,रीना गुप्ता, विनोद राठौर,अजीम खां,कृष्ण कुमार राजपूत,विनीता मिश्रा,बेबी सहित पालिका के लेखा लिपिक असद हुसैन खाँ,कर निरीक्षक अनस खां और सफाई निरीक्षक दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

## युवा कांग्रेस द्वारा "यंग इंडिया के बोल" सीजन–2 का किया गया विमोचन

मृत्युन्जय प्रताप सिंह प्रयागराज : जिला कांग्रेस मुख्यालय प्रयाग राज में आयोजित प्रेसवार्ता में युवा कांग्रेस द्वारा यंग इंडिया के बोल सीजन–2 राष्ट्रीय स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का विमोचन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का विमोचन करने आए कार्यक्रम के प्रभारी प्रवक्ता श्री हम्माम वहीद ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि "यंग इंडिया के बोल" केवल एक भाषण प्रतियोगिता नहीं हैं बल्कि यह अभिव्यक्ति का मंच है। जिस दौर में सरकार लोगों की बोलने की स्वतंत्रता छीनने का काम रही उस दौर में युवा कांग्रेस देश के युवाओं को अपनी आवाज बुलंद करने के लिए मंच व अवसर प्रदान कर रही हैं। आज देश में महंगाई, बेरोजगारी, बिगड़ी हुई अर्थव्यवस्था, सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण जैसे अनेकों ज्वलंत मुद्दे हैं परंतु सरकार अपनी विफलताओं एवं निकम्मेपन को छुपाने के लिए इन मुद्दों पर चर्चा व बहस करने के बजाय जनता को फिजूल के मुद्दों में उलझाकर उनका ध्यान भ्रमित करने का काम कर रही हैं। ऐसे में यह मंच देश के युवाओं की मुखर आवाज बनेगा। यह श्री राहुल गांधी जी का ड्रीम प्रोजेक्ट हैं। देश के आम युवाओं के वक्तव्य कौशल को बढ़ावा देना व उन्हें राजनीति की मुख्यधारा से जोड़कर सहभागी लोकतंत्र को मजबूत बनाना इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य व उद्देश्य हैं। श्री हमाम वहीद ने कहा प्रतियोगिता चार स्तर पर आयोजित होगी पहले विधान सभा फिर जिला उसके बाद प्रदेश और राष्ट्रिय स्तर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में हिन्दी अंग्रेजी उर्दू सहित स्थानी बोली भाषा में वक्त हिस्सा ले सकेंगे आवेदन के लिए 100 रु का शुल्क देना होगा। इस अवसर पर युवा कांग्रेस की जिला प्रवक्ता कहा कि इस कार्यक्रम के जरिए युवाओं में




मौजूदा चुनौतियों से लड़ने की क्षमता विकसित होगी और वह उन चुनौतियों के बारे में मुखर होकर जनमानस के बीच अपनी बात रखेंगे। इससे समाज में लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी और आम जनमानस जनविरोधी सरकार की जनविरोधी नीतियों का जोरदार विरोध करेंगे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष यमुनापार सूरज शुक्ला ने कहा कि युवा कांग्रेस द्वारा चलाये जा रहे 'यंग इंडिया के बोल' कार्यक्रम में युवाओं को अधिक से अधिक जोड़ने व इस प्लेटफार्म के जरिये युवाओं में उनकी सोच को उभारने का सबसे प्रभावशाली कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम में युवाओं को उनकी क्षमता और दक्षता को आम जनमानस के बीच उजागर करने का न सिर्फ मौका मिल रहा है बल्कि इससे अतीत और वर्तमान के बीच जो लोकतंत्र को मजबूत करने की कड़ियां रही हैं उसे जानने और समझने का उत्कृष्ट मौका है। जिला अध्यक्ष गंगा पार श्री जैगम फारूकी ने कहा निःसंदेह युवाओं की बेहतरी के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होने कहा कि सभी युवाओं को इस कार्यक्रम को प्रभावशाली तरीके से आयोजित करने में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए ताकि आज देश के सामने जो चुनौतियां हैं उसे युवा वर्ग समझ सके और उन चुनौतियों का सामना किया जा सके। जिला कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष सूरज शुक्ला, जिला अध्यक्ष जैगम फारूकी, हिना कौसर जी,मोहत्शीम,अम्मार वहीद, मोकेश राजभर,सलामतुल्लाह आदि उपस्थित रहे।

## मंत्री गिरीश चंद यादव द्वारा नगरी क्षेत्र के उर्दू बाजार गल्ला मंडी में सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उत्तर प्रदेश सरकार के खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद यादव ने नगरी क्षेत्र के उर्दू बाजार गल्ला मंडी में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। और स्वच्छता कर्मियों से संवाद के साथ अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सन्तोष मिश्रा को मोहल्ले में साफ –सफाई का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। जिससे मोहल्ले वाले को कोई समस्या ना हो, साफ सफाई से बीमारी दूर रहेगी, और सभी परिवार स्वस्थ रहेंगे । निरीक्षण के दौरान उत्तरी मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा , यशवंत साहू , प्रदीप जायसवाल , हीरालाल



मौर्य , मनोज कुशवाहा , संतोष मौर्या , विकास पड्डा ,मनीष सोनकर , मनीष श्रीवास्तव के साथ कार्यकर्ता बंधु व जनता उपस्थित रहे।

## हिंदू देव प्रकाश शुक्ला ने हुंकार दास को बनाया संरक्षक

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राष्ट्रीय युवा वाहिनी परिवार में श्री श्री 1008 हुंकार दास महाराज को संरक्षक एवं श्री श्री 108 सौरभ दास महाराज को उत्तर प्रदेश का संरक्षक एवं राष्ट्रीय संयोजक गौ प्रकोष्ठ एवं बृजेश शुक्ला को राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी सौंपी गई।महाराज जी इलाहाबाद प्रयागराज से चलकर लखनऊ आए जिनसे 14 मई से 20 मई तक गो यज्ञ के विषय में चर्चा हुई और महाराज जी ने अपनी पूरी टीम के साथ आने का आश्वासन दिया। सौरव दास जी महाराज बनारस पूर्ण



आश्वासन दिया। मध्य प्रदेश से चलकर आए युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रजेश कुमार शुक्ला ने हिंदू देव प्रकाश शुक्ला से भेंट की।

## 98 उत्तर प्रदेश वाहिनी एनसीसी के कमान अधिकारी ले कर्नल गोविंद सिंह कन्याल का पीलीकोठी जौनपुर में भव्य विदाई समारोह का हुआ आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : 98 उत्तर प्रदेश वाहिनी एनसीसी के तत्कालीन कमान अधिकारी ले कर्नल गोविंद सिंह कन्याल जी का विदाई समारोह पीलिकोठी, जौनपुर में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन की अध्यक्षता ले कर्नल मनजीत बुधवार, प्रशासनिक अधिकारी के निर्देशन में संपन्न हुआ। आयोजन शुरुआत मंदिर परेड से हुई इसके पश्चात् कमान अधिकारी महोदय को एनसीसी कैडेटों ने गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया। इसके बाद विदाई समारोह का मुख्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें एनसीसी कैडेटों ने अपने कौशल नृत्य और संगीत के माध्यम से प्रस्तुत किया। कैप्टन आलोक सिंह, ए एन ओ, श्री गणेश राय महाविद्यालय, डोभी, और कैप्टन सुरेश कुमार पाठक, ए एन ओ, मडियाहूं महाविद्यालय, मड़ियाहूं ने विदाई समारोह के आयोजन हेतु सभी का धन्यवाद देते हुए अपने वक्तव्य दिए। वाहिनी के प्रशासनिक अधिकारी मनजीत बुधवार जी ने कमान अधिकारी महोदय जी के कार्यों और उपलब्धियों के बारे में सभी गणमान्यजनों को बताया। अपने वक्तव्य के दौरान कमान अधिकारी महोदय ने सर्वप्रथम सभी उपस्थित जनों का धन्यवाद देते हुए कहा कि बटालियन के सुचारू रूप से चलाने के लिये सभी कर्मचारियों को अपने कार्यों को जिम्मेदारी से करना चाहिए। बटालियन की कमान को अब ले कर्नल



मनजीत बुधवार को सौंपते हुए कहा कि पूरी निष्ठा एवं लगन और सभी कार्मिकों के सहयोग के साथ समस्त कार्यों को समय पर निस्तारित करना है। विदाई समारोह के कार्यक्रम में वाहिनी के कर्नल विजय अहलावत जिला सैनिक कल्याण बोर्ड अधिकारी जौनपुर एवं पूर्व ए एन ओ मेजर पी पी सिंह तथा कैप्टन (डॉ) अखिलेश्वर शुक्ल सहित समस्त एनसीसी अधिकारी, एनसीसी कैडेट्स, सैन्य एवं सिविल कर्मचारी उपस्थित थे।

## स्टूडियो के शटर का ताला तोड़कर कैमरा वीडियो रिकॉर्डिंग मशीन सहित नगद उठा ले गए चोर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना क्षेत्र के लोहिन्दा चौराहे पर स्थित मौर्या स्टूडियो फिल्म स्टूडियो के नाम से संचालित दुकान में बीती रात अज्ञात चोरों ने शटर का ताला तोड़कर अंदर रखा कैमरा रिकार्डर हार्डडिस्क सहित बीस हजार रुपए से हाथ साफ कर दिया सुबह दुकानदार द्वारा इसकी जानकारी थाने पर लिखित दी। बरहूपुर गांव निवासी वीरेंद्र मौर्या लोहिन्दा चौराहे के बंधवा मार्ग पर स्थित मौर्या स्टूडियो मिकसिंग लैब के नाम से दुकान संचालित करते हैं रोज की भांति बुधवार शाम को दुकान बंद कर घर चले गए सुबह दुकान खोलने पहुँचने पर शटर का ताला टूटा हुआ था और काउंटर का ताला तोड़कर बीस हजार नगदी सहित कैमरा रिकार्डिंग मशीन गायब था।जिसकी जानकारी डायल112 को दी मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल की पीड़ित वीरेंद्र मौर्या ने थाने में लिखित तहरीर दी।इस सम्बंध में थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला का कहना है कि मामला सन्देहास्पद है मामले की जांच की जा रही है।

## परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र डेस्क स्लिप एवं उपस्थिति पत्र को मदरसा पोर्टल पर ऑनलाइन जारी किया गया

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कमलेश कुमार मौर्य ने अवगत कराया है कि रजिस्ट्रार/निरीक्षक उ0प्र0 मदरसा शिक्षा परिषद 704, जवाहर भवन लखनऊ द्वारा समस्त सेकेण्डरी, सीनियर सेकेण्डरी, कामिल एवं फाजिल स्तर की मान्यता प्राप्त मदरसों एवं छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि परीक्षा वर्ष 2022 के परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र, डेस्क स्लिप एवं उपस्थिति पत्रक मदरसा पोर्टल पर ऑनलाइन जारी कर दिये गये हैं मदरसों द्वारा अपने लॉग इन से प्रवेश पत्र डाउनलोड करते हुये मदरसा प्रधानाचार्य द्वारा अपने हस्ताक्षरोंपरान्त सम्बन्धित परीक्षार्थियों को उपलब्ध कराये जाय तथा डेस्क स्लिप एवं उपस्थित पत्रक परीक्षा केन्द्र की लागिन पर उपलब्ध है, जिसको परीक्षा केन्द्र द्वारा स्वयं डाउनलोड कर लिया जाय तथा परीक्षा केन्द्र द्वारा अपनी लॉग इन से परीक्षा पाली की समाप्ति के उपरान्त मदरसा पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज की जायेगी परीक्षा केन्द्रों का प्रारम्भिक पासवर्ड (प्दपजपंस ेूवतक) उपलब्ध करा दिया गया है जिसको केन्द्र व्यवस्थापक तत्काल अपडेट कर ले। उपरोक्त के क्रम में समस्त प्रबन्धक/प्रधानाचार्य/लिपिक 14 मई 2022 से पूर्व सम्बन्धित मदरसे परीक्षार्थियों के प्रवेश–पत्र डाउनलोड कर ससमय वितरित कर दें।

## थाना सिकरारा पुलिस द्वारा पाक्सो एक्ट व एससी व एसटी एक्ट से सम्बन्धित 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के द्वारा जनपद मे चलाये जा रहे अपराध एंव अपराधीयो के विरूध्द सघन अभियान के क्रम मे व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल प्रवेक्षण मे एंव थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी के कुशल नेतृत्व मे मै उ0नि0 प्रशान्त पाण्डेय मय हमराह, मय सरकारी वाहन UP 62 AG 0174 से प्रस्थान कर विनावर देखभाल क्षेत्र, पेण्डिंग विवेचना, तलाश वाँछित अपराधी व संदिग्ध चेकिग व्यक्ति / वाहन के दौरान मुखबिर खास से सूचना मिली कि आनापुर मोड़ मे आप के थाना के मु0अ0स0 99/22 धारा 363/366/376(3) भादवि व ¾ पाक्सो एक्ट व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त अल्ताफ उर्फ गोलू पुत्र अतरूल्ला नि0 टेकारी थाना सिकरारा जनपद जौनपुर आनापुर मोड़ पर कही भागने की फिराक मे गाड़ी के इंतजार मे खड़ा है यदि जल्दी किया जाय तो पकडा जा सकते है इस सूचना पर विश्वास करके मै उ0नि0 मय हमराह के प्रस्थान कर आनापुर मोड पहुचकर अभियुक्त अल्ताफ उर्फ गोलू पुत्र अतरूल्ला नि0 टेकारी थाना सिकरारा जनपद जौनपुर का नाम पता तस्दीक होने पर गिरफ्तारी का कारण बताकर दिनांक 05.05.2022 समय करीब 02.50 बजे गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा



रिमाण्ड हेतु माननीय न्यायालय भेजा गया । गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता दृ 1.अल्ताफ उर्फ गोलू पुत्र अतरूल्ला नि0 टेकारी थाना सिकरारा जनपद जौनपुर। आपराधिक इतिहास – 1.मु0अ0स0 99/22 धारा 363/366/376(3) भादवि व ¾ पाक्सो एक्ट व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट थाना सिकरारा जनपद जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली टीम के सदस्य – 1.थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी थाना सिकरारा जनपद जौनपुर। 2. उ0नि0 प्रशान्त पाण्डेय थाना सिकरारा जनपद जौनपुर। 3. हे0का0 अनिल कुमार तिवारी, हे0का0 दीनानाथ थाना सिकरारा जनपद जौनपुर। 5.का0 सुशील कुमार थाना सिकरारा जनपद जौनपुर।

## थाना सरायख्वाजा पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) एवं क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में जनपद में चलाये जा रहे अपराध एवं पुरस्कार घोषित अपराधियों /वाछित अपराधियो एंव वारण्टियों की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक श्री देवानन्द रजक के नेतृत्व में दिनांक 05.05.2022 को उ0नि0 श्री शिव प्रकाश वर्मा मय हमराह के साथ मुखबिर खास की सूचना पर थाना स्थानीय से वाछित अभियुक्त अरविन्द यादव पुत्र रामपलटन यादव निवासी मीरापुर थाना सरायख्वाजा जौनपुर को दिनांक 05.05.2022 को बरैयाकाजी मोड़ से एक तमंचा/कट्टा 303 बोर व जिन्दा कारतूस 303 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरूध्द थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 दृ 157/22 धारा 3/7/25 आयुध्द अधिनियम पंजीकृत किया गया तथा मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता– 1.अरविन्द यादव ैध्व रामपलटन यादव नि0 मीरापुर थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर। अपराधिक इतिहास– 1. मु0अ0स0 157/22 धारा 3/7/25 आर्म्स एक्ट थाना सरायख्वाजा जौनपुर। 2. मु0अ0सं0 151/22 धारा 504/452/307 भादवि थाना सरायख्वाजा जौनपुर। 3 मु0अ0स0 144/22 धारा 504/506/427/452 भा0द0वि0 थाना सरायख्वाजा जौनपुर। 4. मु0अ0स0 79/22 धारा 323/504/506/427 भादवि थाना सरायख्वाजा जौनपुर। बरामदगी– 1– एक तमंचा/कट्टा 303 बोर व जिन्दा कारतूस 303 बोर गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम– 1.उ0नि0 श्री शिव प्रकाश वर्मा थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर। 2.हे0का0 गोपाल सोनकर, हे0का0रामआसरे प्रजापति थाना सरायख्वाजा जौनपुर। 4. का0 विनोद कुमार प्रजापति थाना सरायख्वाजा जौनपुर।

## रात में आये आंधी तूफान व वारिस से बाजारों में पानी ही पानी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गुरुवार को मौसम के अचानक परिवर्तन से रात्रि लगभग 3 बजे के आस पास आंधी तूफान आया कुछ पानी भी गरज चमक के साथ बरसे लेकिन सुबह पानी की धार कुछ तेज हो गई और एक तरफ तो गर्मी से राहत मिली लेकिन दूसरी तरफ बाजारों में पानी भरने से सड़क पर चलने वाले दो पहिया वाहन ,एवम चार पहिया वाहन की रफ्तार कम हो गई । भट्ठों पर कच्चे ईंटे जगह जगह गल गए इसके बावजूद ज्यादा नुकशान तो नही हो पाया लेकिन कुछ न कुछ जरूर देखा गया । फाइब स्टार ईट भट्ठा मालिक नैपुरा मो0 आरिफ ने बताया कि सुबह का पानी कुछ ज्यादा था इसलिए कुछ ईंटे गल गए लेकिन राहत हो गई ।ऐसे ही शक्ति इट उद्योग गजना , एवम मुफ्तीगंज भट्ठा मालिक राम चन्द्र राय ने कहा कि मालिक की बड़ी मेहरबानी हो गई जिससे बड़ी राहत मिली।

## पुलिस द्वारा गैंगेस्टर एक्ट मे वांछित 4 आरोपी गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गुरुवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर गैंगेस्टर एक्ट में फरार चल रहे 4 आरोपियों को खेतासराय पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश राय ने बताया की क्षेत्र की मजडीहा आजाद नहर के पास से फरार चल रहे गैंगेस्टर एक्ट में फरार चल रहे चार आरोपियों क्रमशः मोहम्मद आजम निवासी रानीमऊ थाना खेतासराय , मोहम्मद सफीक निवासी मजडीहा थाना शाहगंज , मोहम्मद कैफ निवासी ग्राम मजडीहा थाना शाहगंज, मोहम्मद मेराज निवासी मजडीहा थाना शाहगंज को गिरफ्तार कर लिया । सभी आरोपियो का चालान न्यायालय भेज दिया गया।

## शौच गयी किशोरी के साथ दुष्कर्म

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना के एक गाँव मे शौच गयी एक किशोरी से गाँव के युवक ने दुष्कर्म करके विडियो ध्फोटो सोसल मिडिया पर वायरल कर दिया किशोरी की तहरिरर पर मीरगंज पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मीरगंज थाना के एक गाँव की किशोरी ने पुलिस अधीक्षक जौनपुर से शिकायत किया की वह 26 अप्रैल की रात 8 बजे शौच गयी थी रात मे शौच से लौट रही थी की गाँव का एक युवक ने उससे साथ जबजस्ती दुष्कर्म करके विडियो बना लिया और उसे धमकाने लगा वह घर आकर लोक लाज बस परिजनो को जानकारी नही दी । इसी बीच वह विडियो दिखाकर उसे ब्लैक मेल करने लगा तो उसने मना कर दिया तब उसने विडियो उसके पिता के पास मुम्बई भेज कर उसे धमकाने लगा की कार्रवाई करोगे तो गोली मार देगा। वह उसकी शिकायत पुलिस से किया तो कोई कार्यवाही नही हुई तो पुलिस अधीक्षक को 4 मई को घटना की तहरीर दी पुलिस अधीक्षक जौनपुर से की तहररि की आधार पर मीरगंज पुलिस ने गाँव के ही एक युवक के खिलाफ दुष्कर्म व पास्को के तहत मुकदमा दर्ज करके किशोरी को मेडिकल परिक्षण के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। थानाध्यक्ष मीरगंज सुरेश कुमार सिह मे बताया की किशोरी की तहरिर पर एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके कार्यवाही की जा रही है।

## 16गर्भवती महिलाओं को दी गयी पोषण सामग्री

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के निकामुद्दीनपुर ग्राम सभा के जलालाबाद स्कूल पर उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह ने बाल विकास परियोजना कार्यालय के सहयोग से 16 गर्भवती महिलाओं को पोषण सामग्री वितरित की है। मछलीशहर ब्लाक के उक्त गाव में उप जिलाधिकारी सुश्री ज्योति सिंह के द्वारा जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में 16 गर्भवती महिलाओं को नवीन प्रयास / नवोउत्थान के अंतर्गत आयरन टेबलेट, मल्टीविटामिन टेबलेट एवं 1 किलो चने की दाल, डेढ़ किलो गेहू की दलिया ,500 ग्राम सरसो तेल, एक किलो चावल दिया गया ।खाद्यान्न वितरण कार्यक्रम में बाल विकास कार्यालय में सहायक कमल कुमार कसौधन ,आंगनवाड़ी कार्यकर्ती शिवकुमारी और पुष्पा देवी उपस्थित रही।

## विदुषी को गायन में प्रथम स्थान

जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ द्वारा वाराणसी में आयोजित मंडल स्तरीय संभागीय शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता में जिले के त्रिलोचन महादेव निवासिनी प्रतिभाशाली



बाल गायिका विदुषी वर्मा को बाल वर्ग उपशास्त्रीय गायन में प्रथम एवं शास्त्रीय गायन में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। विदुषी को जून माह में लखनऊ में आयोजित प्रादेशिक संगीत प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर प्राप्त हुआ। विदुषी वाराणसी स्थित सनबीम इंग्लिश स्कूल भगवानपुर की कक्षा दसवीं की छात्रा है। विदुषी जाने–माने शास्त्रीय गायक पंडित देवाशीष दे के देखरेख में संगीत की शिक्षा प्राप्त कर रही है। विदुषी को निर्णायक मंडल ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

## थाना सरपतहाँ पुलिस द्वारा पाक्सो एक्ट से संबंधित 01 अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सघन अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज श्री अंकित कुमार के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 04.05.2022 को थानाध्यक्ष श्री संजय कुमार सिंह मय हमराह उ0नि0 सच्चिदानन्द , का0 राजू यादव, का0 विजय अग्रहरि के पुलिस बल द्वारा अभियुक्त आकाश अग्रहरि पुत्र सुनील अग्रहरि निवासी पट्टीनरेन्द्रपुर थाना सरपतहां जौनपुर उम्र करीब 23 वर्ष सम्बन्धित मु0अ0सं0 102/2022 धारा 323/354/457 भादवि व 7/8 पाक्सो एक्ट थाना सरपतहां जनपद जौनपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय जौनपुर के समक्ष भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता– 1. आकाश अग्रहरि पुत्र सुनील अग्रहरि निवासी पट्टीनरेन्द्रपुर थाना सरपतहां जौनपुर। पंजीकृत अभियोग– 1.मु0अ0सं0–102/2022 धारा 323/354/457 भादवि व 7/8 पाक्सो एक्ट थाना सरपतहां जनपद जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– 1.उ0नि0 सच्चिदानन्द थाना सरपतहां,जौनपुर। 2. का0 राजू यादव, का0 विजय अग्रहरि थाना सरपतहां,जौनपुर।

## जल्द बनवा लें आयुष्मान कार्ड, 18 मई तक चलेगा पखवाड़ा

जौनपुर सू.वि. : जनपद में बुधवार से आयुष्मान पखवाड़ा विशेष अभियान शुरू हो गया है। यह अभियान 18 मई तक चलेगा, जिसमें आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान से आच्छादित आयुष्मान कार्ड विहीन लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ लक्ष्मी सिंह ने बताया कि शासन के निर्देश पर चार मई से आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष अभियान शुरू किया जा रहा है। यह अभियान 18 मई तक चलेगा। प्रदेश के 40.48 प्रतिशत ऐसे परिवार हैं जिनमें कम से कम एक लाभार्थी के पास आयुष्मान कार्ड है। अब तक 24 प्रतिशत लाभार्थियों का ही आयुष्मान कार्ड बना है। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान विशेष जोर देते हुये लोगों तक यह जानकारी पहुंचाई जाएगी कि आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कोई भी शुल्क देय नहीं है। पंचायती राज निकायों के जनप्रतिनिधियों से आयुष्मान पखवाड़ा सफल बनाने की अपील की जाएगी। ग्राम एवं वार्ड वार लक्षित लाभार्थियों की सूची बनाकर वहाँ के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाएगी। कैम्प की तिथि से पूर्व आशा कार्यकर्ता ग्रामध्वार्ड के चिह्नित लाभार्थियों को कैम्प स्थल के बारे में बताएंगी। यह भी बताएंगी कि आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए कैम्प में आधार कार्ड और राशनकार्ड ले जाना अनिवार्य है। आयुष्मान भारत योजना के नोडल अधिकारी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी (एसीएमओ) डॉ राजीव कुमार ने बताया कि स्टेट एजेंसी फार काम्प्रीहेंसिव हेल्थ एंड इंटेग्रेटेड सर्विसेज (साचीज) की ओर से उपलब्ध कराए गए ग्राम एवं वार्ड वार डाटा के आधार पर कार्य योजना तैयार कर कैम्प के लिए जरूरी मानव संसाधन की व्यवस्था की जा रही है। हर कैम्प के लिए विलेज लेवल इन्टरप्रीनियर (वीएलई) की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जरूरत पड़ने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के आरोग्य मित्रों की भी ड्यूटी लगाई जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) की अध्यक्षता में बनी टास्क फोर्स में पंचायती राज, ग्राम विकास, आइसीडीएस विभाग आदि के नोडल अधिकारी शामिल हैं। टास्क फोर्स हर दिन अभियान की उपलब्धियों की समीक्षा करेगी। साथ ही यह सुनिश्चित करेगी कि विभिन्न विभागों के फील्ड कर्मचारी आशा कार्यकर्ता से समन्वय स्थापित कर लक्षित लाभार्थियों को कैम्प के लिए निर्धारित तिथि और स्थान पर लाने के लिए प्रेरित करें। हर ब्लाक स्तरीय प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा शहरी स्वास्थ्य केन्द्र पर प्रभारी चिकित्साधिकारी की अध्यक्षता में बनी टीम क्षेत्र में कार्य योजना संचालन के लिए जिम्मेदार संभाल रही है। यह टीम ही निर्धारित तिथि एवं स्थल पर आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए जरूरी संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित कराएगी। कार्य योजना – : आयुष्मान भारत के जिला सूचना प्रणाली प्रबंधक हिमांशु शेखर सिंह ने बताया कि कैम्प के आयोजन के लिए कार्य योजना तैयार कर ली गई है जिसमें लाभार्थी डाटा के आधार पर कैम्प की तिथि, कैम्प स्थल, वीएलई का नाम और मोबाइल नम्बर अंकित है। यदि गांव/वार्ड में लक्षित लाभार्थियों की संख्या 50 से अधिक है तो वहां पर एक से अधिक दिवसों में कैम्प लगेंगे अथवा एक ही तिथि पर उस गांव/वार्ड में भिन्न–भिन्न स्थलों पर दो कैम्प लगाए जाएंगे। कैम्प का आयोजन सार्वजनिक स्थल जैसे पंचायत भवन, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक विद्यालय आदि पर किया जाएगा। आयुष्मान भारत के जिला समन्वयक डॉ बद्री विशाल पांडे ने बताया कि लक्षित परिवारों को प्रेरित कर कैम्प में लाने तथा आयुष्मान कार्ड बनवाने पर आशा कार्यकर्ता को प्रोत्साहन राशि मिलेगी। लक्षित परिवार में कम से कम एक आयुष्मान कार्ड बनवाने पर पांच रुपये तथा एक परिवार में एक से अधिक आयुष्मान कार्ड बनवाने पर प्रति परिवार 10 रुपये की प्रोत्साहन राशि सम्बन्धित आशा को देय होगी। कैम्प में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष रूप से लगाए गये आयुष्मान मित्र, अन्य विभागों से इस कार्य के लिए चिह्नित कम्प्यूटर आपरेटर को प्रति परिवार एक आयुष्मान कार्ड बनाने पर पांच रुपये तथा एक से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाने पर प्रति परिवार 10 रुपये की प्रोत्साहन राशि देय होगी। अभियान के बाद अभियान के दौरान बनाये गये कुल आयुष्मान कार्ड की संख्या के आधार पर आशा/आरोग्य मित्रों के प्रोत्साहन राशि भुगतान के लिए आवश्यक धनराशि साचीज द्वारा जनपदों को उपलब्ध कराई जाएगी। 1670 बीमारियों का इलाज :– डॉ पांडे बताते हैं कि आयुष्मान भारत योजना में 1670 के लगभग बीमारियों का इलाज किया जाता है जिनमें कैंसर, हृदय रोग, हड्डी रोग, सभी प्रकार की सर्जरी, न्यूरो आदि से संबंधित बीमारियों के इलाज की सुविधा है। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना तथा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का जिन्हें पत्र मिला है। अंत्योदय कार्ड (गुलाबी राशनकार्ड) धारक, बिल्डिंग एंड अदर कंसट्रक्शन वर्कर योजना का लाभ उठा सकते हैं। वह पत्र के साथ राशनकार्ड और आधार कार्ड लेकर नजदीकी आयुष्मान मित्र या जनसेवा केंद्र के विलेज लेवल इन्टरप्रीनियर (वीएलई) से सम्पर्क कर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज : जनपद में 1,42,205 लक्षित परिवार तथा 7,11,025 लाभार्थी हैं। जनपद में अंत्योदय राशन कार्ड के कुल 1,25,472 लाभार्थी परिवार हैं जिनसे संबंधित 4,14,516 लाभार्थी हैं। इस क्रम में अभी तक 3,52,559 आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं और 15,341 लोगों को निःशुल्क इलाज की सुविधा मिली है। अब सभी अंत्योदय राशन कार्ड धारक अपने परिवार के सभी सदस्यों के आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। आयुष्मान कार्ड धारक योजना के तहत पाँच लाख रुपए तक का निःशुल्क इलाज पूरे देश में सूचीबद्ध किसी भी अस्पताल में करवा सकता है।

## आई तेज आंधी से लोगों को मिली गर्मी से निजात

हरदोई पत्रकार जनार्दन श्रीवास्तव : आसमान से आग उगलते सूरज की तपिश से भीषण गर्मी का प्रकोप झेल रहे लोगों को बुधवार की शाम को आई तेज आंधी के बाद उमस से राहत मिली । वहीं आसमान में कालिमा छा गई, मौसम सुहाना होने से लोगों के चेहरे खिले– खिले दिखाई दिये। । हालांकि इस तेज आंधी से आम की फसल को नुकसान होने की संभावना है। आपको बताते चलें कि गर्मी के सीजन में अभी तक तेज आंधी नहीं आई थी। लेकिन बुधवार को आज शाम को आसमान में मौसम परिवर्तित हुआ, और तेज हवाओं के साथ आई आंधी ने वातावरण को धूल से ढक दिया। गर्मी से बेहाल लोगों को आंधी के बाद सुहाने हुए मौसम से राहत मिली। पाली नगर के कई लोगों ने बताया कि उन्हें अघोषित बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है, ऊपर से गर्मी का प्रचंड प्रकोप है । ऐसे में आंधी आने के बाद वातावरण में उमस का प्रभाव कम हुआ, और मौसम सुहाना हुआ। जिससे उन्हें राहत मिली है। वहीं खेती



किसानी करने वाले लोगों ने बताया कि आंधी आने से आम के पेड़ों में लगा बौर और छोटे आम के फल बड़ी तादात में आंधी के चलते पेड़ों से झड़ना शुरू हुए हैं, जिससे फसल को नुकसान पहुंचने की संभावना है । आंधी के बाद छिटपुट बारिश भी हुई है।

## फायर स्टेशन प्रभारी ने सीएमओ के निर्देश परपाली पीएचसी का किया निरीक्षण

हरदोई पत्रकार जनार्दन श्रीवास्तव : शासन की मंशानुरूप सीएमओ के निर्देश पर अस्पतालों में अग्निशमन व्यवस्था को सुचारू और सुदृढ़ करने के क्रम में सवायजपुर फायर ब्रिगेड स्टेशन प्रभारी गजेंद्र सिंह ने पाली पीएचसी का निरीक्षण कर अग्निशमन व्यवस्थाओं को देखा। यहां मौके पर दो अग्निशमन सिलेंडर पाये गये। जो रेड जोन में थे, इन दोनों अग्निशमन सिलेंडर की गैस खत्म हो चुकी थी। अग्निशमन प्रभारी ने पीएचसी प्रभारी को आधा दर्जन अग्निशमन सिलेंडरों की और व्यवस्था करने को कहा। आपको बता दें कि सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा अस्पतालों में अग्निशमन व्यवस्था को सुचारू और सुदृढ़ करने के आदेश दिए गये हैं । जिसके क्रम में सीएमओ हरदोई ने जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में अग्निशमन व्यवस्था का निरीक्षण करने के निर्देश अग्निशमन अधिकारी को दिए। इसी क्रम में पाली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सवायजपुर फायर ब्रिगेड स्टेशन के प्रभारी गजेंद्र सिंह ने अग्निशमन कर्मियों के साथ पहुंचकर यहां का निरीक्षण किया, और यहां की अग्निशमन व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने बताया कि पाली पीएचसी पर दो अग्निशमन सिलेंडर मौजूद मिले जो रेड जोन में थे,



हालांकि इसकी वैधता अभी भी है, लेकिन इसके अंदर मौजूद गैस खत्म हो चुकी थी। उन्होंने कहा कि इन दोनों अग्निशमन सिलेंडरों के अलावा छह अन्य अग्निशमन सिलेंडर की व्यवस्था करने के लिए पीएचसी प्रभारी से कहा। सवायजपुर फायर ब्रिगेड स्टेशन के प्रभारी गजेंद्र सिंह ने कहा कि अगर कहीं भी क्षेत्र में अग्निकांड की घटनाएं होती है, तो तत्काल सवायजपुर फायर स्टेशन के सीयूजी नंबर 945441 8706 और हरदोई फायर स्टेशन के सीयूजी नंबर 9454418700 पर फोन कर सूचित करें । इस मौके पर फायरमैन नीरज कुमार, पपेन्द्र, नरेश कुमार, विजय कुमार, अजय शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## गत दिनों शहर में माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले फरार चल रहे तीनो अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र अयोध्या कवीन्द्र प्रताप सिंह एवं शैलेश कुमार पाण्डेय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद–अयोध्या द्वारा अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत एवं पुलिस अधीक्षक नगर विजयपाल सिंह के निर्देशन व सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर पलाश बंसल एवं डा0 राजेश तिवारी क्षेत्राधिकारी यातायात, के कुशल पर्यवेक्षण मे प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर निरीक्षक देवेन्द्र सिंह के नेतृत्व मे गठित टीम वरिष्ठ उप निरीक्षक ओम प्रकाश कोतवाली नगर,उ0नि0 सत्यप्रकाश यादव चौकी प्रभारी नवीनमण्डी,उ0नि0 राजेश कुमार यादव चौकी प्रभारी अलीगढ़,उ0नि0 सुनील यादव चौकी प्रभारी देवकाली,के साथ का0 विश्वदीपक तिवारी थाना को0नगर,जनपद–अयोध्या,का0 ज्ञानप्रकाश यादव थाना को0नगर, जनपद–अयोध्या,का0 रितिक राव थाना को0नगर, जनपद–अयोध्या,का0 राहुल यादव थाना को0नगर, जनपद–अयोध्या,का0 विकास यादव थाना को0नगर, जनपद अयोध्या,का0 रौनक सिंह थाना को0नगर, जनपद अयोध्या,का0 आशीष यादव थाना को0नगर, जनपद–अयोध्या का0 शिवा यादव के अलावा थाना को0नगर,जनपद–अयोध्या,का0 संदीप यादव थाना को0नगर, जनपद–अयोध्या,का0 अशोक यादव थाना को0नगर, जनपद अयोध्या 'का0 चन्द्रभान यादव सर्विलांस सेल जनपद–अयोध्या व हे0का0 जितेन्द्र बहादुर सरोज व अन्य पुलिस बल द्वारा दिनांक 26/27 की रात मे शहर के मस्जिद कश्मीरी मोहल्ला, टाटशाह मस्जिद, घोसियाना रामनगर मस्जिद, ईदगाह सिविल लाइन एवं गुलाबशाह दरगाह जेल के पीछे अज्ञात व्यक्तियों द्वारा आपत्तिजनक वस्तु एवं आपत्तिजनक पोस्टर व धार्मिक पुस्तक की प्रति डालकर दंगा फैलाने की कोशिश करने वाले फरार चल रहे तीन अन्य अभियुक्तों शरदचन्द्र मिश्रा उर्फ बाबू पुत्र वंशराज उम्र 35 वर्ष नि0 99 अंगूरीबाग थाना को0नगर,



जनपद अयोध्या, सुशील कुमार यादव पुत्र राम तीरथ यादव उम्र 40 वर्ष निवासी तोपपुर सहादतगंज थाना कैण्ट जनपद अयोध्या व अनिल कुमार चौहान उर्फ पप्पू पुत्र गया प्रसाद उम्र 38 वर्ष नि0 कुम्हारमण्डी सहादतगंज थाना कैण्ट जनपद अयोध्या को गिरफ्तार कर पुलिस ने सराहनीय कार्य किया।सूत्र के मुताबिक इन पर गिरफ्तारी हेतु पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या द्वारा 50–50 हजार रु0 का पुरस्कार घोषित किया गया था को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की गई है।मालुम हो कि उक्त घटना के सम्बन्ध मे दिनांक 27.04.2022 को थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 302/22 धारा 295/295ए भा0द0वि0, 303/22 धारा 295/295ए भा0द0वि0, 304/22 धारा 295/295ए भा0द0वि0, 305/22 धारा 295/295ए भा0द0वि0, मु0अ0सं0 307/22 धारा 295/295ए भा0द0वि0 पंजीकृत होकर विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर उपरोक्त अभियुक्तगण को 04 मई को देवकाली बाईपास के पास से गिरफ्तार किया गया है।इस घटना से सम्बन्धित 08 अन्य अभियुक्तों को पूर्व मे ही पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।पुलिस के मुताबिक इस घटना में शामिल शेष तीन अभियुक्तो को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है जिनके विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

## डीएम की अध्यक्षता में मिशन शक्ति अभियान फेज–4 के अन्तर्गत बाल विवाह निषेध जागरूकता कार्यशाला सम्पन्न

अयोध्या।(डा. अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज–4 के अन्तर्गत बाल विवाह निषेध जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस कार्यशाला में जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों से बाल विवाह पर पूर्णतः रोकथाम लगाने के उद्देश्य से अपने स्तर से प्रयास करने, समाज को बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होने बाल विवाह से होने वाली हानियों के सम्बन्ध में लोगों को जानकारी देते हुये कहा कि बाल विवाह पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिये प्रशासन कटिबद्ध है। बाल विवाह एक संज्ञेय अपराध है।जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रत्येक सप्ताह होने वाली मीटिंग्स में सम्मिलित होने वाले अधिकारियों कर्मचारियों को भी बाल विवाह के रोकथाम के बारे में जानकारी देने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी व स्वास्थ्य विभाग को संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय कर प्रत्येक आंगनवाडीध्आशा आदि के माध्यम से कुछ ग्रामों में विगत चार–पांच वर्षों में हुए बाल विवाह की संख्या व उनके कारणोंध्स्थितियों संबंधित डाटा एकत्रित कर बाल विवाह के कारणों का स्थायी समाधान करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त क्षेत्रों, गांवों के समभ्रान्त व्यक्तियों, आंगनवाडी वर्कर ,सुपरवाइजर, नगर पार्षदों एवं समाज सेवी से अपील की है कि अगर किसी को बाल विवाह की सूचना मिलती है तो प्रशासनध्पुलिस को तत्काल अवगत कराये तथा संबंधित अधिकारी सूचना पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी को जनपद के समस्त थानोंध चौकियों, पंचायत कार्यालयों, बेसिक एवं माध्यमिक विद्यालयों, ए एन एम सब सेंटरों पर बालिकाओं से संबंधित योजनाओं व बाल विवाह की रोकथाम आदि संबंधी प्रचार साहित्योंध पंपलेट अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए जिससे अधिक से अधिक लोग इस से जागरूक हो सके।इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि जो बाल विवाह करवाता है व उसको बढ़ावा देता या बाल विवाह कराने में किसी प्रकार की सहायता करता है तो उस व्यक्ति को पाक्सो एक्ट के तहत दो साल की कैद और एक लाख तक का जुर्माना हो सकता है। उन्होने बताया कि बाल्यावस्था होने के कारण लड़का लड़की शादी की जिम्मेदारी उठाने में सक्षम नही होते। बाल विवाह होने से न तो लड़के और लड़की का शारीरिक व मानसिक विकास होता है और न ही परिवार की जिम्मेदारी उठा सकता है। जिला कार्यक्रम अधिकारी अयोध्या द्वारा बताया गया कि बाल विवाह का प्रचार प्रसार विभाग के तहत संचालित योजनाओं के माध्यम से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का संचालन जिला प्रोबेशन अधिकारी अश्वनी कुमार द्वारा किया गया, जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा बताया गया कि बाल विवाह क्या है तथा इसके नुकसान एवं बाल विवाह की सूचना किसकों दे सकते है, से सम्बन्धित टोल फ्री नम्बर, सी0यू0जी0 नम्बर तथा बाल विवाह के लिये दण्ड का क्या प्रावधान है आदि से अवगत कराया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मिल्कीपुर, बाल कल्याण समिति जनपद के समस्त थानों के बाल कल्याण अधिकारी, महिला शक्ति केन्द्र, वन स्टॉप सेन्टर, शिक्षा विभाग, खण्ड विकास अधिकारी गण, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, संरक्षण अधिकारी आदि लोग उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्यों राष्ट्रीय मुस्लिम मंच ने राम मंदिर निर्माण पर जताई खुशी

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के अवध क्षेत्र के प्रभारी मोरार ने भगवान श्री राम के अयोध्या में तेजी से बन रहे श्रीराम मंदिर निर्माण पर खुशी व्यक्ति किया है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पर उनका भव्य स्वागत किया गया उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय मंत्री से कार्यालय पर मुलाकात में कहा कि अयोध्या हिंदू मुस्लिम की एकता का मिसाल कायम हुई है।अयोध्या में भगवान श्री राम का मंदिर तेजी से निर्माण की पूरे विश्व में खुशी जाहिर हुई है। और स्वागत हो रहा है। संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य इंद्रेश कुमार मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मुलाकात करने आए मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के अवध क्षेत्र के मुस्लिम मोरारजी मंदिर का तेजी से निर्माण होने पर खुशी व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पर खुशी का इजहार किया।वही मंदिर शीघ्र से शीघ्र बने जिसे अयोध्या पर हिंदू मुस्लिम की एकता की मिसाल कायम हो। इस अवसर पर बबलू मिश्रा कार्यालय मंत्री ने स्वागत किया।

## सूत्र के मुताबिक अयोध्या एवं अकबरपुर डिपो की 38 बसो के खराब होने से हो रहा घाटा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)सूत्र के मुताबिक इस समय परिवहन निगम की अयोध्या में अकबरपुर डिपो की 38 बसें खराब है इनमें से एक परिवर्तन दल का भी वाहन शामिल है कार्यशाला में कर्मियों की उदासीनता या फिर मानिटरिंग की कमी से यह समस्या गंभीर होती जा रही है कई माह से क्षेत्रीय कार्यशाला में सेवा प्रबंधक का पद खाली है इसी से कार्य की गंभीरता का अनुमान लगाया जा सकता है बसों के खराब रहने से सफल कठिन हो गया है संचालित बसों की संख्या कम होने से धूप में यात्रियों को गंतव्य स्थान तक जाने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है सिविल लाइन स्थित अयोध्या डिपो में निगम की 104 बसें हैं जिनमें 20 बसें खराब है 8 क्षेत्रीय कार्यालय में तो 12 बसें डिपो की कार्यशाला में मरम्मत के लिए कई दिनों से खड़ी है कोई लोड नहीं ले रहा है तो किसी का एक्सीलेटर खराब है और कुछ के इंजन में खराबी है इसी तरह अकबरपुर डिपो में 56 बसें हैं जिनमें से 2 बसें क्षेत्रीय कार्यशाला और 16 बसें डिपो में तकनीकी खराबी की वजह से खड़ी है डिपो की 18 बसें फ्रॉड और 38 संचालित हो रही है अकबरपुर और अयोध्या डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने सेवा प्रबंधक को पत्र भेजकर पीक सीजन में मांग के अनुरूप संचालित ना होने के कारण एवं मांग के अनुरूप सामान उपलब्ध कराने की मांग की है क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि इसी माह सेवा प्रबंधक के पद पर मुख्यालय स्तर से तैनाती होने की संभावना है जहां तक बसों के पार्ट्स की बात है उन्हें उपलब्ध करवाकर कार्य करवाया जा रहा है।

## अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम के जन्म उत्सव पर सुंदरकांड पाठ व विशाल भंडारा का हुआ आयोजन

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)हिंदू सनातन धर्म में वैशाख शुक्ल पक्ष की अक्षय तृतीया महापर्व पर श्री भगवान परशुराम का जन्म उत्सव मनाया जाता है और अक्षय तृतीया में जो भी पुण्य कार्य किए जाते हैं ।वह पुण्य का फल हर समय मिलता है। ऐसी पुण्य के बेला पर सत्य सनातन धर्म की सेवा करने का अवसर मिले तो कभी पीछे नहीं हटना चाहिए ।हम सभी लोग बहुत सौभाग्यशाली हैं कि ऐसा सौभाग्यशाली अवसर हम सभी को मिल रहा है।ईश्वर से यही प्रार्थना करता हूं कि जब तक जीवन रहे सत्य सनातन धर्म के के लिए अंतिम सांस तक समर्पित रहूं और ईश्वर से हर क्षण यही प्रार्थना करता हूँ।मुख्य अतिथि के रूप में एसपी सिटी विजय पाल सिंह मौजूद रहे।समाजसेवी अर्चना तिवारी ने बताया कि आज हमारे आवास पर श्री राम भगवान श्री परशुराम के जन्म उत्सव पर सुंदरकांड का पाठ करवाया गया समाप्ति पश्चात हमारे आवास पर ही सीताराम एवं परशुराम भगवान की झांकी भी दिखाई गई और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सभी सनातन प्रेमी भक्तगण सम्मिलित होने के बाद सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। और सभी देवी देवताओं की आरती भी की गई हमारा सनातन धर्म विश्व का कल्याण हो यही प्रार्थना हर सनातन प्रेमी हर क्षण करता है।मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि मुझे ईश्वर ने सनातन धर्म में जन्म दिया और मुझे सनातन धर्म की सेवा करने का अवसर मिला बस ईश्वर से यही प्रार्थना करती हूं कि जब तक संसार में जीवित रहूं ईश्वर साधु, संत, ब्राह्मण ,दीन दुखी की सेवा अंतिम क्षण तक करती रहूं ।यही ईश्वर से प्रार्थना करती हूं। कार्यक्रम में मौजूद रहे रही अंकित त्रिपाठी राजन पांडे संदीप शुक्ला कुंदन पांडे श्याम जी पाठक गौरव शिवम जायसवाल अभिषेक सिंह रामलाल जयसवाल कुसमा सिंह जया सिंह मीना सिंह मीनाक्षी उपाध्याय आरती रेखा ममता कुमुद लता अनुपमा पांडे राजेश चौबे कुसमा कंचन रोशन राजेश आकाश पिंटू शुभम जयसवाल हर्ष अनी आदि लोग मौजूद रहे।

## सांस्कृतिक एवं पर्यटन दृष्टिकोण से अनेको विकास की योजनाओ की समीक्षा करेगे मुख्यमंत्री

अयोध्या। राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मुख्यमंत्री के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम जिसके दौरान धार्मिक नगरी अयोध्या धाम के सांस्कृतिक एवं पर्यटन दृष्टिकोण से अनेको विकास की योजनाएं संचालित है।जिसकी समीक्षा मुख्यमंत्री जी के द्वारा भ्रमण के दौरान की जानी है।इस क्रम में मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा, जिलाधिकारी नितीश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अनिता यादव द्वारा सभी विभागों के अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के साथ सभी योजनाओं का रिव्यू किया गया ताकि मा0 मुख्यमंत्री की समीक्षा के दौरान अब तक के प्रगति का प्रजेंटेशन किया गया। मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (एयरपोर्ट) के भूमि अधिग्रहण का 83 प्रतिशत भूमि अधिग्रहित की जा चुकी है। जिलाधिकारी ने बैठक में अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिया कि इसके अन्तर्गत आने वाले भवनों का मूल्यांकन सहित जो भी कार्यवाही करना है उसे तेजी से पूरा कराया जाय। बैठक में एयरपोर्ट के अधिकारी ने बताया कि एयरपोर्ट के भूमि का समतलीकरण का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। अयोध्या रेलवे स्टेशन, प्लेटफार्म आदि का कार्य 97 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। सहादतगंज से रिकाबगंज, नियावां होते हुये नयाघाट तक राम पथ के चौड़ीकरण के कार्यो की भी समीक्षा की गयी। इस कार्य में तेजी लाने के निर्देश लोक निर्माण विभाग एवं राजस्व विभाग को निर्देश दिये गये है। उपरोक्त के अतिरिक्त अयोध्या में रानोपाली रेलवे क्रासिंग से विद्याकुंड मार्ग पर चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, फैजाबाद–अकबरपुर–बसखारी मार्ग के फोरलेन निर्माण की समीक्षा, दर्शननगर भरतकुण्ड मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य, अयोध्या में अशर्फी भवन, गोलाघाट मार्ग से झुनकीघाट तक चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य, अयोध्या में टेढ़ीबाजार अशर्फीभवन से राजघाट तक चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण तथा सुविधा विस्तार, टेढ़ीबाजार से अशर्फी भवन होते हुये पोस्ट आफिस तक उपलब्ध भूमि पर सुविधा विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य, अयोध्या सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच 330) से एयरपोर्ट तक फोरलेन सड़क का नवनिर्माण कार्य, अयोध्या विल्हरिघाट रोड का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य, अयोध्या–अकबरपुर–बसखारी मार्ग पर प्रस्तावित गोसाईगंज फोरलेन बाईपास के निर्माण व मयाबाजार फोरलेन बाईपास का निर्माण कार्य की समीक्षा की गयी, अयोध्या में एनएच 27 बाईपास से निकलकर मोहबरा बाजार होते हुये टेढ़ीबाजार श्रीराम जन्मभूमि तक फोरलेन मार्ग का निर्माण सहित पीडब्लूडी के अन्य सड़कों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण आदि की समीक्षा की गयी। उपरोक्त के अतिरिक्त अयोध्या नगर निगम, उ0प्र0 जलनिगम ग्रामीण, उ0प्र0 जलनिगम, उ0प्र0 पावर कार्पोरेशन लि0, उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कार्पोरेशन लि0, अयोध्या विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग सीडी–2, 3, 4, यू0पी0 राजकीय निर्माण निगम, अयोध्या इकाई, सरयू नहर खण्ड, सेतु निगम, उ0प्र0 आवास विकास, रेबन्यू विभाग, रेलवे, एयरपोर्ट अर्थारिटी आफ इंडिया, पर्यटन, एनएचआई लखनऊ एवं रायबरेली आदि विभागों द्वारा संचालित परियोजनाओं की समीक्षा की गयी। मण्डलायुक्त ने अयोध्या विजन 2047 की समीक्षा करते हुये समेकित ट्रैफिक मैनेजमेंट प्रणाली, अयोध्या के 33 पार्को का कायाकल्प, जल निकासी व्यवस्था हेतु नालों का निर्माण, तालाबों का सौन्दर्यीकरण, अयोध्या के 15 वार्डो के गलियों में सड़क व नाली का निर्माण कार्य, वाहन पार्किंग व दुकानों का निर्माण, रामायण सर्किट थीम, ड्राईविंग ट्रेनिंग इंस्टट्यूट, शासकीय डिग्री महाविद्यालय परसावन, रामकथा संग्रहालय और आर्ट गैलरी, अटल आवासीय विद्यालय निर्माण, 100 व 50 शैय्या हास्पिटल आदि निर्माण कार्यो की समीक्षा की गयी और सम्बंधित विभाग व कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिये गये कि जो–जो निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके है तथा पूर्ण होने की स्थिति में है उनको शीघ्र पूर्ण करते हुये हैंडओवर की कार्यवाही यथाशीघ्र पूर्ण की जाय ताकि उस परियोजना का लाभ जनता को प्राप्त हो सकें तथा जो काम बंद पड़े है उन्हें क्रियाशील कर संचालित किया जाय और जहां बजट की समस्या है वहां शासन को जिलाधिकारी के स्तर से पत्र भेजकर धनराशि की मांग की जाय। उन्होंने कहा कि अयोध्या में लगे मंदिर, सरकारी कार्यालय, तीर्थ स्थलों, मार्ग दर्शन आदि सभी साइन बोर्ड को सही कराया जाय और यह भी सुनिश्चित किया जाय कि उन पर कोई पोस्टर, पम्पलेट आदि चस्पा न किया जाय, जिससे अयोध्या में आ रहे श्रद्धालुओं को दर्शन पूजन में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने कान्हा गौशाला को अप्रैल माह के अंत तक अवश्य पूर्ण करते हुये उसमें निराश्रित गौवंश को संरक्षित किया जाय। मण्डलायुक्त ने नालों के निर्माण कार्य को बरसात से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश भी दिये गये। मण्डलायुक्त ने अंत में कहा कि सभी कार्यदायी संस्थाएं परियोजनाओं का गुणवत्तापरत निर्माण कर कार्य में तेजी लायें और निर्धारित समय सीमा पर पूर्ण करें तथा सभी विभाग प्रत्येक सप्ताह के सोमवार को डेस्क बोर्ड तथा पोर्टल अपडेट करना सुनिश्चित करें। बैठक में परियोजनाओं से सम्बंधित कार्यदायी संस्था अयोध्या नगर निगम, उत्तर प्रदेश जलनिगम, उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन लिमिटेड, अयोध्या विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग, राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड आदि के अभियंत्रागण व सम्बंधित विभाग के अधिकारी व प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री का अयोध्या भ्रमण कार्यक्रम 6 मई 2022 को प्रस्तावित

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 6 मई को अयोध्या भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है।अयोध्या का महत्व प्रधानमंत्री उ0प्र0 के मुख्यमंत्री एवं वर्तमान सरकार के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री के विकास के प्राथमिकताओं में सर्वोच्च स्थान है।यह जानकारी उ0प्र0 के उपनिदेशक सूचना अयोध्या मण्डल एवं मुख्यमंत्री मीडिया सेन्टर लोकभवन लखनऊ के प्रभारी ने प्राप्त सूचनाओं के आधार पर बताया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ 6 मई को अयोध्या आयेंगे तथा अयोध्या आसपास के विकास के लिए 19 हजार करोड़ के परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा करेंगे।वही समीक्षा के अलावा श्रीरामलला, हनुमानगढ़ी के दर्शन पूजन एवं गुप्तारघाट के उद्यान में स्थापित राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण भी किया जायेगा।उनके साथ अयोध्या मण्डल के प्रभारी मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा भी आयेंगे।मुख्यमंत्री का 25 मार्च 2022 को दूसरे कार्यकाल के शपथ ग्रहण के बाद 1 अप्रैल 2022 को अयोध्या आगमन हुआ था।इस आगमन का मुख्य उद्देश्य अयोध्या की रेखांकित करना तथा श्रीराम नवमी मेले की तैयारी हेतु आवश्यक निर्देश देना था। अयोध्या मण्डल के प्रभारी मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा प्रशासनिक सेवा के 11 जनवरी 2021 को शैक्षिक सेवानिवृत्त ली थी तथा 14 जनवरी 2021 मंकर संक्रांति के दिन भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया था तथा 18 जनवरी को विधान परिषद के लिए सदस्य के रूप में निर्वाचित हुये थे। मंत्री श्री शर्मा द्वारा प्राथमिकता के क्रम में श्रीरामलला का प्रथम दर्शन 18 फरवरी 2021 किया गया था तथा द्वितीय बार अयोध्या का भ्रमण 25 मार्च 2021 को कनक भवन रोड पर निर्मित साधनाश्रम के लोकार्पण के लिए भ्रमण किया गया था तथा 25 मार्च 2022 को मंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद मीडिया सेन्टर के प्रभारी डा0 मुरलीधर सिंह से वार्ता के क्रम में बताया गया था कि अयोध्या का प्रथम दर्शन एवं भ्रमण शीघ्र करूंगा। उसी के क्रम में मंत्री होने के कारण 6 मई 2022 को प्रस्तावित है इसकी विस्तृत जानकारी अलग से समय पर दी जायेगी तथा मुख्यमंत्री जी के अयोध्या भ्रमण का सजीव प्रसारण ए0एन0आई0 द्वारा किया जायेगा तथा विस्तृत कार्यक्रम का विवरण अलग से जारी होगा।

## क्षेत्र की जनता को सूचीबद्ध करके डाक योजनाओं से जोड़ें – पी के सिंह

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता) मण्डल कार्यालय अयोध्या में मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर पी के सिंह ने वर्ष 2022 दृ 23 में लक्ष्य पूर्ति के लिए व्यवसाय कार्य योजना तथा रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट, पार्सल वितरण का उपमण्डल के प्रभारी एवं विपणन अधिकारी, डाक सर्वेक्षकों के साथ बैठक आयोजित किया गया जिसमे श्री सिंह ने इस वित्तीय वर्ष की योजना को अमली जामा पहनाते हुए कहा कि आज से हमारे कर्मचारी अपने अपने क्षेत्र की जनता को सूचीबद्ध करके ग्राहकों को जोड़ें और उनको बेहतर सुविधा प्रदान करें और रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट के वितरण उसी दिन करें।इस मौके के श्री सिंह ने यह भी कहा कि आज प्रतिस्पर्धाओ का दौर है हमें जनता से परिवार जैसे व्यवहार के साथ मिलना होगा जिससे लोगो का विस्वास डाकघर के प्रति बना रहे क्योंकि डाकघर ही ऐसा पहला विभाग जहाँ घर शब्द का प्रयोग किया जाता है और घरों में परिवार के सदस्य रहते है । साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण डाक जीवन बीमा एक परिवार की सुरक्षा में निर्णायक भूमिका अदा करता है ग्रामीण डाक जीवन बीमा से इंसान अपनी आवश्यकता को आसानी से पूरा कर सकता है । यह ग्रामीण डाक जीवन बीमा पालिसी किसी भी बीमा कम्पनी से कम किश्त तथा अधिक बोनस भुगतान देता है इसलिए जनता को इसका सीधा लाभ मिलता है । उन्होंने जनता से इस ग्रामीण डाक जीवन बीमा को अपनाने के लिए अपील किया । साथ ही श्री सिंह ने कहा सुकन्या समृद्धि खाता के लिए उन्होंने कहा कि वह प्रत्येक परिवार के घर घर तथा प्राथमिक स्वास्थ केंद्र, एवं निजी अस्पतालों में जाकर बेटियों के भविष्य को सवारने के लिए सुकन्या समृद्धि खाता खोले । जिससे सभी बेटियों को समृद्धि बनाया जा सके और भविष्य में वह अपनी आवश्यकता को पूरा कर सके । सहायक अधीक्षक विनय कुमार, अजय पाण्डेय, जय प्रकाश मनोज कुमार, सिंकू रावत, सुधीर सिंह, दीपक मौर्य, सत्येन्द्र प्रताप सिंह, अम्बिका यादव, जय प्रकाश सिंह, सगीर, घनश्याम पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## सीएफओ आर के राय व उनके कर्मी जगह जगह जाकर लोगों को आग से बचाव हेतु कर रहे जागरुक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) पुलिस महानिदेशक फायर सर्विस उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा संपूर्ण उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में बैंकों में फायर ऑडिट इवैकुएशन ड्रिल कराए जाने विषयक आदेश के अनुपालन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या शैलेश कुमार पांडेय के आदेश पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी अयोध्या राज किशोर राय के नेतृत्व में लीडिंग फायरमैन जयमूर्ति यादव,फायर सर्विस चालक राम प्रसाद पाण्डेय,फायरमैन सुनील तिवारी व फायरमैन जय प्रताप मौर्य आदि के द्वारा बैंक ऑफ बड़ौदा खवासपुरा,पंजाब नेशनल बैंक सिविल लाइन करेंसी चेस्ट व सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया सिविल लाइन में आग से बचाव के संबंध में प्रशिक्षण व माक ड्रिल कराई गई।इस मौके पर इन अधिकारियों व फायर विभाग के कर्मियो ने बैंक में उपस्थित स्टाफ व ग्राहकों को आग से बचाव के विषय में बताया।वही इनके अतिरिक्त अग्निशमन द्वितीय अधिकारी सुधीर यादव व फायरमैन चन्द्र प्रकाश सिंह के द्वारा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया रुदौली, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया रौजगांव रुदौली,पंजाब नेशनल बैंक रौजगांव रुदौली, बैंक ऑफ इंडिया भेलसर



रुदौली,ग्रामीण बैंक शुजागंज रुदौली, बैंक ऑफ बड़ौदा शुजागंज रुदौली,भारतीय स्टेट बैंक रुदौली, आईसीआईसी बैंक रुदौली, एचडीएफसी बैंक रुदौली, कैनरा बैंक रुदौली व लीडिंग फायरमैन उमेश चंद्र मिश्रा,फायर सर्विस चालक राम विलास व फायरमैन सुरेंद्र यादव द्वारा भारतीय स्टेट बैंक बीकापुर में उपस्थित बैंक मैनेजर/स्टाफ व ग्राहकों को अग्नि से बचाव के बारे में बताया गया तथा पंपलेट आदि वितरित किए गए जिसका उपस्थित बैंक मैनेजर/स्टाफ व अन्य लोगो द्वारा भूरि–भूरि प्रशंसा की गई।

## उ0प्र0 महिला आयोग द्वारा महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रसारित खबर को संज्ञान में लेकर मांगी आख्या रिपोर्ट

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) उ.प्र. राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर रोकथाम और पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से इलेक्ट्रानिक एवं प्रिन्ट मीडिया में प्रसारित समाचारों का संज्ञान लेकर गम्भीर प्रकरणों पर समुचित कार्यवाही की जाती है। 04 मई, 2022 को न्यूज 18 पर जनपद ललितपुर में ''बयान लेने के बहाने नाबालिग किशोरी के साथ बलात्कार की घटना'' शीर्षक से प्रसारित समाचार का स्वतः संज्ञान लेकर आयोग की मा. अध्यक्ष श्रीमती विमला बाथम द्वारा दोषी व्यक्तियों के लिए ऐसी कठोर सजा दिलाये जाने व भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति ना होने के निर्देश देने के साथ ही पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ को पत्र भेजकर तत्काल आख्या मांगी गयी है। मा. अध्यक्ष ने कहा कि यह घटना प्रदेश की समस्त महिलाओं के लिये अत्यन्त अपमान जनक एवं महिलाओं की गरिमा के विपरीत है। उन्होंने उ.प्र. प्रदेश सरकार द्वारा समय–समय पर महिला उत्पीड़न की रोकथाम हेतु जारी दिशा–निर्देशों एवं प्रभावी कार्यवाही करने के उपरान्त भी ऐसी घटनाओं का संज्ञान में आना अत्यन्त खेदजनक बताया। मा. अध्यक्ष द्वारा संदर्भित घटनाक्रम के सम्बन्ध में विस्तृत आख्या तत्काल आयोग को उपलब्ध कराये जाने निर्देश दिये।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।